


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 208

ग्वालियर, शुक्रवार, 17 सितंबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### भारतीय तटरक्षक पोत ने पाकिस्तानी बोट पकड़ा, एक दर्जन गिरफ्तार

**अहमदाबाद (ए)।** गुजरात की समुद्री सीमा पर भारतीय तटरक्षक पोत ने एक पाकिस्तानी बोट को पकड़ा है। इंडियन कोस्ट गार्ड ने पाकिस्तानी बोट पर सवार 12 लोगों को गिरफ्तार किया है और सभी से अब पूछताछ की जा रही है। एक खबर के मुताबिक, यह बोट गुजरात सीमा के तट के पास देखी गई है। घुसपैठियों पर नजर रखने वाली भारतीय तटरक्षक जहाज राजरतन द्वारा चलाए गए सर्विलांस मिशन के दौरान इस बोट को पकड़ा गया है। इस पाकिस्तानी बोट का नाम अल्लाह पवाकल है। जहाज को कब्जे में लेने के बाद भारतीय जवान बोट में सवार 12 लोगों से पूछताछ कर रही है। भारतीय तटरक्षक बल द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि, इस पाकिस्तानी जहाज का 14 सिंतबर की रात पता लगाया गया है। गौरतलब है कि, दिल्ली में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहे 6 आतंकियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि सभी आतंकियों को 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

### पीएम मोदी के बर्थडे पर है 1.5 करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बर्थडे पर देश में टीकाकरण का एक बड़ा रिकॉर्ड बनने वाला है, जिसकी तैयारियां जोरों पर है। 17 सितंबर को पीएम मोदी का बर्थडे है और इस दिन भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य 1.5 करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज लगाकर एक रिकॉर्ड बनाने का है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अधिक से अधिक वैक्सीन लगे और देश टीकाकरण के मामले में एक और रिकॉर्ड बनाए। इसमें भाजपा की हेल्थ वॉलंटियर्स (स्वास्थ्य स्वयंसेवकों) की फौज मदद करेगी। भाजपा सूत्रों ने कहा कि टीकाकरण की इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए भाजपा अपने स्वास्थ्य स्वयंसेवकों को यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार कर रही है कि उस दिन (17 सितंबर) अधिक से अधिक लोगों को कोरोना के टीके लगें। भारत ने पहले के मौकों पर एक दिन में एक करोड़ से अधिक कोरोना टीके लगाए हैं। भाजपा नेता ने बताया कि बीजेपी जिस लक्ष्य की उम्मीद कर रही है, वह दिन में 1.5 करोड़ से अधिक टीके लगाने का है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि पार्टी कोशिश करेगी कि उसकी फौज उस दिन अधिक से अधिक वैक्सीन लगने में मदद करे, ताकि टीकाकरण की उपलब्धि देश के इतिहास में दर्ज हो सके। भाजपा के स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की पहल के प्रभारी और पार्टी महासचिव तरुण चुग ने कहा कि पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा प्रधानमंत्री का जन्मदिन एक विशेष तरीके से मनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के लिए प्रधानमंत्री दिन-रात काम कर रहे हैं, उनकी रक्षा करने से ज्यादा खास और क्या हो सकता है। यह गर्व की बात है कि हमारे नाम पर दो कोविड टीके हैं और हम नागरिकों को इस घातक महामारी से बचाने में सक्षम हैं। चुग ने कहा कि यही पीएम मोदी को हमारी ओर से उचित बर्थडे गिफ्ट होगा, जो लगातार लोगों को सुरक्षा देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बता दें कि भारत में अब तक 76 करोड़ से अधिक वैक्सीन लग चुकी है।

### गलती से खाते में आए पांच लाख रुपए, लौटने से किया इंकार पुलिस ने किया गिरफ्तार

**खगड़िया (ए)।** बिहार के खगड़िया जिले में बैंक उपभोक्ता के खाते में अचानक साढ़े पांच लाख रुपये आए और व्यक्ति ने रकम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजा बताकर राशि लौटाने से इंकार कर दिया।बाद में व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मानसी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि आरोपी का नाम रंजीत दास है, जोकि बख्तियारपुर गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि मामले में ग्रामीण बैंक द्वारा शिकायत करने पर रंजीत को गिरफ्तार किया गया था। ग्रामीण बैंक की शाखा के अधिकारियों का कहना है कि गलती से रंजीत के खाते में रुपये चले गए थे। बाद में राशि का मिलान करने पर रंजीत को उक्त राशि लौटाने को कहा गया,तब प्रधानमंत्री द्वारा पूर्व में किए गए अपने वादे के तहत उसे राशि भेजने की बात कहकर पैसे लौटाने से इंकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के समय भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में अपने चुनाव अभियान के दौरान नरेंद्र मोदी ने विदेश से कालाधन आने पर हर एक बैंक खाते में 15 लाख रुपये पहुंचाने की बात कही थी। कानून के अनुसार, किसी बैंक द्वारा गलत तरीके से किसी के खाते में स्थानांतरित धन का उपयोग करना एक दंडनीय अपराध है और वित्तीय संस्थान अपराधी से राशि वसूल करने के लिए स्वतंत्र हैं।

## स्व-सहायता समूहों से संवाद में शिवराज का ऐलान

# क्लस्टर लेबल के बेस्ट फेडरेशन को सरकार देगी 1 करोड़ का इनाम

- मिशन से जुड़ी महिलाओं का प्राइवेट अस्पताल में 5 लाख तक का इलाज मुफ्त
- उत्पादों की ऑनलाइन-ऑफलाइन बिक्री व्यवस्था होगी मजबूत



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया है कि अजीविका मिशन के तहत काम कर रहे क्लस्टर लेबल के बेस्ट फेडरेशन को सरकार 1 करोड़ रुपए का इनाम देगी। मुख्यमंत्री ने गुरूवार को भोपाल में आयोजित स्व-सहायता समूहों की पंचायत में कहा कि इन समूहों से जुड़ी सभी महिलाओं का आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान शुरु किया जाएगा। इन महिलाओं को प्राइवेट अस्पताल में 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त कराया जाएगा। बता दें कि प्रदेश में 3 लाख 50 हजार स्व सहायता समूह हैं। जिनके 3500 सीएलएफ (क्लस्टर लेबल फेडरेशन) हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महिला स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बिक्री को और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होंने महिला समूह की बहनों से संवाद करते हुए पूछा कि वे एक साल में, एक माह में कितनी कमाई कर लेती हैं? कुछ बहनों द्वारा दी गई मेहनत और कमाई की प्रशंसा करते हुए सीएम चौहान ने कहा कि यह चमत्कार से कम नहीं है कि उन्हें फोन पर भी आर्डर मिलते हैं और पूरा भुगतान मिल जाता है। कभी पैसा नहीं अटकता है। मुख्यमंत्री ने महिला समूहों की भावी कार्ययोजनाओं की जानकारी लेते हुए उन्हें और सक्षम बनाने के लिए सरकार की ओर से हर संभव सहयोग की बात कही। मुख्यमंत्री चौहान ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की ओर स्व सहायता समूह के बढ़ते कदमों पर केंद्रित प्रदर्शनी भी देखी।

**ग्रामीण आजीविका मिशन के पोर्टल का शुभारंभ:** मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूहों के प्रोडक्ट की बिक्री के लिए भोपाल स्थित हाट बाजार में अजीविका मार्ट खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन समूहों के फेडरेशन को ऑन लाइन कामर्स पोर्टल से लिंक भी किया जाएगा। ताकि इनके प्रोडक्ट की इंटर नेशनल लेबल मार्केटिंग हो सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकारी राशन दुकानों के संचालन की जिम्मेदारी भी इन समूहों को सौंपी जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के पोर्टल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने आजीविका मिशन के अंतर्गत तैयार किये गए विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया और जनता से ये उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया भी मौजूद रहे।

**महिलाओं ने बताई संघर्ष की कहानी:** मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में महिला स्व-सहायता समूह की सदस्यों से बात की। शहडोल जिले की मीरा ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपनी जिंदगी के संघर्ष की कहानी बताई। उन्होंने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुडने के बाद मेरे जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। इनके बाद रायसेन जिले की कृषि सखी आशा उइके ने बताया कि उन्होंने ढाई सौ महिलाओं को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया है। मेरे समूह को जिलास्तर पर जैविक खेती के लिए पुरस्कार मिला है। इसका श्रेय आजीविका मिशन को जाता है। मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए बैतूल की रुपाली ठाकरे ने बताया- आजीविका मार्ट पोर्टल पर अपने उत्पाद बेच रहे हैं, इससे बिक्री करने में परेशानी नहीं होती। हमें 8 से 10 लाख का प्रोफिट 1 साल में हुआ है। अब हम दूसरों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं।

## राहुल गांधी पर दर्ज हो सकती है एफआईआर



### गृहमंत्री ने दिए एफआईआर कराने के संकेत, भाजपा विधायक पहुंच गए थाने

**भोपाल।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर मध्यप्रदेश में सियासत गर्मा गई है। प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र ने उन पर एफआईआर कराने के संकेत दिए हैं, वहीं भाजपा विधायक अपने समर्थकों के साथ एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने पहुंच गए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के बयान पर गुरुवार को प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्र ने उन पर पलटवार किया है। मिश्रा ने कहा है कि राहुल गांधी इच्छाधारी हिन्दू हैं, आरएसएस पर की गई टिप्पणी पीड़ादायी है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि राहुल गांधी सुविधानुसार टोपी और टीका लगाते हैं, धार्मिक पर्यटन पर जाते हैं और आने के बाद वैमनस्य फैलाते है। मिश्रा ने कहा कि अब तक मैं मानता था कि बालपन है, लेकिन जब आरएसएस के बारे में राहुल गांधी ने टिप्पणी की तो मन को पीड़ा हुई। ये संघ को क्या समझ पाएंगे, मूल पिंड जब किसी संस्था का या व्यक्ति का विदेशी होता है तब यह स्थिति बनती है।

**भाजपा विधायक समर्थकों के साथ पहुंचे थाने:** इधर, गुरुवार को सुबह पूर्व प्रोटेम स्पीकर एवं भोपाल की हुजूर विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक रामेश्वर शर्मा अपने समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए अरेरा हिल्स थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज करने की लिए आवेदन दिया। विधायक शर्मा का कहना है कि हिन्दुस्तान की जनता हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

**राहुल गांधी भी हिन्दू नहीं:** इधर, राहुल गांधी के बयान पर रामेश्वर शर्मा ने कहा था कि राहुल गांधीजी आप भी हिन्दू नहीं हैं। आपके पूर्वज भी हिन्दू नहीं थे।

## भारत में पुल और रेलवे ट्रैक उड़ाने की फिराक में थे आतंकी

**नई दिल्ली (ए)।** दिल्ली पुलिस ने कहा कि दो आतंकियों जीशान और ओसामा ने पूछताछ में खुलासा किया कि उन्होंने भारत में पुलों, रेलवे पटरियों और बड़ी सभाओं पर विस्फोट करने के लिए पाकिस्तान के थट्टा में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। पाकिस्तान जाने के बावजूद उनके पासपोर्ट पर मुहर नहीं लगी है। पुलिस ने कहा कि इन आतंकियों ने समुद्री मार्ग लिया था और ग्वादर बंदरगाह से प्रवेश किया था। उन्होंने ओमान से पाकिस्तान जाते समय एक मोटरबोट का भी इस्तेमाल किया। जांच से यह भी पता चला है कि उनकी योजना 1993 के मुंबई विस्फोटों के समान थी। अलग-अलग जगहों के लोगों को अलग-अलग जगहों की रेकी करके मिलना था। सूत्रों ने दावा किया कि स्लीपर सेल की भूमिका भी सामने आई है। आतंकियों के पास से 1.5 किलो आरडीएक्स बरामद किया गया है और जांच एजेंसी एक-एक बिंदु की जांच कर उसे कनेक्ट कर रही है। स्पेशल सेल के सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) द्वारा ग्वादर बंदरगाह के पास जिओनी नाम के एक कस्बे में दो गिरफ्तार आतंकवादियों के साथ 15 बंगाली भाषी लोगों को भी प्रशिक्षित किया गया था।

## चीन के काबुल प्लान पर सीडीएस बिपिन रावत ने किया आगाह




**नई दिल्ली (ए)।** चीन के घातक मंसूबों को लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने आगाह करते हुए कहा कि उसका अगला प्लान काबुल के रास्ते से होगा जिससे सबसे अधिक खतरा भारत को हो सकता है। एक कार्यक्रम में चीन से व्याप्त खतरे के मसले पर उन्होंने कहा कि ड्रैगन जल्द ही ईरान और तुर्की से संबंध तैयार करने के बाद अफगानिस्तान में कदम रखेगा। उन्होंने शत्रुतापूर्ण तरीकों से काम कर रहे दो पड़ोसियों का सामना करने के लिए नॉन कॉन्टैक्ट टेक्नोलॉजिकल वारफेयर और आंतरिक सुरक्षा के लिए एकीकृत व्यवस्था तैयार करने की जरूरत बताई। कार्यक्रम में जनरल रावत ने सैम्युल हैरिंगटन के 'क्लैश ऑफ सिविलाइजेशन्स' का जिक्र करते हुए कहा कि कन्फ्यूशियन या सिनिक सभ्यता वास्तव में पश्चिम का मुकाबला करने के लिए इस्लामिक सभ्यता से हाथ मिलाएगी। उन्होंने कहा, 'ऐसा होगा या नहीं, यह केवल समय ही बताएगा। लेकिन हम सिनिक और इस्लामिक सभ्यता में किसी तरह की 'जॉइंटमैनशिप' देख रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'आप देख सकते हैं कि चीन अब ईरान के साथ दोस्ती कर रहा है, तुर्की की तरफ बढ़ रहा है और अफगानिस्तान में कदम जमा रहा है। वे (चीन) जल्द ही अफगानिस्तान पहुंच जाएंगे।' पाकिस्तान को लेकर उन्होंने कहा कि पश्चिम विरोधी भारत के खिलाफ अपना प्रॉक्सी वॉर बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने कहा, 'आज हम इसे जम्मू-कश्मीर में देख रहे हैं।

## यूपी चुनाव के लिए आप का वादा, सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी

**लखनऊ (ए)।** दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने यूपी के आगामी विधानसभा चुनाव के बाद सरकार बनने पर सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने और 38 लाख परिवारों पर बकाया बिजली का बिल माफ करने की चुनावी घोषण की है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि यूपी में सत्ता में आने पर आम आदमी पार्टी की सरकार राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देगी। इसके अलावा सरकार छोटी-बड़ी सभी तरह की जोत वाले किसानों को मुफ्त बिजली देगी। उन्होंने ऐलान किया कि आप की सरकार बनने पर बिजली के मनमाने बिल से परेशान प्रदेश के 38 लाख परिवारों के बिल माफ कर राज्य में 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाएगी। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि योगी सरकार ने बिजली इतनी महंगी कर दी है, कि बिजली का बिल भरना बहुत मुश्किल हो रहा है।सरकार कहती है कि या तो बिजली का बिल भरो नहीं तो उन्हें अपराधी माना जाएगा।



सहकारी बैंक घोटाला अपडेट

# रामेश्वर धाम की 12 प्रोपर्टियों पर बैंक ने जडे ताले, कुर्की के लगाए बोर्ड,यहां देखे क्या किया है कुर्क

शिवपुरी।

जिले के कोलारस में सहकारिता में हुए 148 करोड के घोटाले के तार खुलते ही इस मामले में सहकारिता विभाग ने इस पूरे काण्ड के कर्ता धर्ता राकेश पाराशर सहित चार लोगों पर धोखाधडी की धाराओं में मामला दर्ज कर बसूली में जुट गए। परंतु इस दौरान एफआईआर दर्ज होते ही इस काण्ड के सभी आरोपी फरार हो गए। जिसके चलते अब बैंक की और से इनकी सभी प्रोपर्टीयों को जप्त करने के लिए आज बसूली अधिकारी पहुंचे इन संपतियों को कुर्क करने इनपर बोर्ड लगाए है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को संयुक्त आयुक्त द्धारा उपपंजीयक कार्यालय से बसूली अधिकारी डॉ लोकेश शर्मा पंजीयक कार्यालय से कोलारस पहुंचे। जहां रामेश्वर धाम की 12 प्रापर्टीयों को कुर्क कर उनके सामने बोर्ड लगाए है। साथ ही इस पूरी प्रोपर्टी को विधिकक्ष प्रभारी रामलखन डौनेरिया को सुपुर्द किया है। इस दौरान एक संपत्ति की कुर्की के दौरान कुर्की अधिकारी और वहां पहुंचे प्लॉट के मालिकों में नौंख झौंक भी हो गई। बताया गया है रामेश्वर धाम ने 31 जुलाई को इस घोटाले का खुलासा के बाद 2 करोड रूपए आनन फानन में जमा कराए है। अब जब संपत्ति को कुर्क करने टीम पहुंची तो सामने आया कि गुना बायपास पर एक जमींन 1061 रकवा 4 हजार फिर का सौंदा रामेश्वर धाम परिवार ने 30 जुलाई को ही सुनीता पत्नि पहलवान धाकड,क्रांति पत्नि ओमप्रकाश धाकड,प्रीति पत्नि दिलीप धाकड को बैंच दी थी। जिसकी विधिवत शासकीय रेट 22 लाख 60 हजार रूपए आ रही है। जबकि यहां आज के हालात में यह जमींन 50 लाख रूपए के लगभग रेट की है। परंतु गुरुवार को जैसे ही टीम इस जमींन पहुंची तो जिन्होंने उक्त जमींन को खरीदा है वह भी मौके पर जा पहुंचे और टीम को बताया कि उन्होंने तो यह जमींन रूपए देकर खरीदी है। वह लागातार इस जमींन के सीमांकन के लिए चक्कर लगा रहे है। परंतु उनकी रजिस्ट्री तो हो गई पर उसका अब नामातंरण नहीं हो पा रहा है। तो उसमें उनकी क्या गलती है। जिसपर टीम ने उन्हें खुले शब्दों में जबाव दे दिया कि उनके पास सहकारिता न्यायालय का आदेश है। अगर आपको यह गलत लग रहा है तो आप न्यायालय चले जाए और वहां वोर्ड लगा दिया। इस दौरान रामेश्वर धाम की जमींन पर जो



आदेश गुरुवार को अधिकारी लेकर आए उसमें कृषि भूमि का उल्लेख था। परंतु जब मौके पर पहुंचे तो वहां उस कृषि भूमि में एक स्थान पर वेयर हाउस तो दूसरे स्थान पर आटे का मिल मिला।जिसे प्रशासन ने आगे आदेश लाकर फिर से कुर्क करने की बात कही है। अब इस अंधेरे विभाग के अधिकारीयो की जितनी तारीफ की जाए वह कम है। जब उन्हें 148 करोड का घोटाला समझ नहीं आया परंतु घोटाला खुलने के बाद भी इनकी आंखे नही खुली। जिस संपत्ति के कुर्की कें आदेश तो प्रशासन ने टेविल पर बैठकर जारी कर दिए। परंतु उन्होंने कुर्की से पहले इस जमींन पर जाना तक उचित नहीं समझाा। जिसके चलते प्रशासन को यह भी नहीं पता कि वह जिस जमींन का आदेश लेकर आए है वह अब जमींन नहीं बल्कि वहां वेयर हाउस पर मिल खडे हो गए है।

### यह संपत्ति हुई है कुर्क

1 मुकेश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद के नाम से ग्राम मानीपुरा के सर्वे क्रमांक 89मिन1/रकबा 0.178 हेक्टेयर भूमि।

2 अंजना पाराशर पत्नी राकेश पाराशर की कोलारस के सर्वे क्रमांक-350/2मिन3/रकबा 0.011 हेक्टेयर भूमि।

3 गगन पाराशर पुत्र मुकेश पाराशर की कोलारस के सर्वे क्रमांक-990 की रकबा 0.042 हेक्टेयर भूमि ।

4 चंचल पाराशर पुत्र राकेश पाराशर की ग्राम मिलक आयना के सर्वे क्रमांक-106/1 की रखना 0.272 हेक्टेयर भूमि।

5 गगन पाराशर पुत्र मुकेश पाराशर की ग्राम मिलक आयना के सर्वे क्रमांक-106/1 मिन-1 की रकबा 0.018 हेक्टेयर भूमि।

6 राकेश पाराशर पुत्र जगदीश प्रसाद पाराशर ग्राम मिलकआयना के सर्वे क्रमांक-106/1 की रकबा 0.272 हेक्टेयर भूमि।

7 शिवम पाराशर पुत्र राकेश पराशर की ग्राम मिलकआयना के सर्वे क्रमांक-106/1 की रकबा 0.272 हेक्टेयर भूमि।

8 श्रीमती अंजना पाराशर पत्नी राकेश पराशर का नगर कोलारस वार्ड क्रमांक 2 का भवन क्रमांक- 403.

9 श्रीमती रती देवी पत्नी जगदीश प्रसाद पाराशर का नगर कोलारस वार्ड क्रमांक 5 के भवन क्रमांक-84 एवं 85।

10 श्रीमती आरती पत्नी शिवम पाराशर की ग्राम गुनाटोरी तहसील कोलारस की कृषि भूमि रकवा 2.39 हेक्टेयर जो कि सर्वे क्रमांक-48,50/2 मिन2,50/मिन 1,54/1, 56, 58/1मिन-2 का भाग है । 11 गगन पराशर पुत्र मुकेश पराशर की ग्राम गुनाटोरी तहसील कोलारस की कृषि भूमि रकवा 2.40 हेक्टेयर जो कि सर्वे क्रमांक-48,50/2 मिन2,50/मिन1,54/1,56,58/1मिन-2 का भाग है । 12 राकेश पाराशर पुत्र जगदीश प्रसाद पराशर के परिजन श्रीमती अंजना, शिवम एवं चंचल के नाम से ग्राम-कुसुअन तहसील रन्नौद की कृषि भूमि रकवा 4.470 हेक्टेयर जिसका खसरा क्रमांक- 594 ,300, 130, 129, 05 व 128 हैं।

## मेहंदी एवं सिलाई प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएंः पंडित श्री प्रकाश शर्मा

शिवपुरी।



राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर फाउंडेशन द्वारा आयोजित निन्शुल्क सिलाई एवं मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करते हुए पंडित श्री प्रकाश शर्मा जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए मेहंदी एवं सिलाई का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य है। राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर फाउंडेशन द्वारा की गई पहल सराहनीय है। महिलाएं अच्छी ट्रेनिंग लेकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। जानकी सेना संगठन की अध्यक्ष रंजना पचोरी ने बताया कि महिलाओं को एकाग्र होकर इस शिविर का लाभ उठाकर अपना रोजगार प्रारम्भ कर सकती हैं। रवि राठौर, सरोज जैन, मोहित अग्रवाल, ने भी महिलाओं को प्रशिक्षण में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनी की सीख दी। मोहित अग्रवाल ने बताया कि जो भी महिला अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी उसे जिला कांग्रेस कमेटी की तरफ से एक सिलाई मशीन भेट की जाएगी। कुमारी शिवानी राठौर जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीवीर दुर्गादास राठौर फाउंडेशन के अंतर्गत शिवपुरी शहर की महिलाओं के लिए निन्शुल्क सिलाई एवं मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र चलाया जा रहा है। इस निन्शुल्क सिलाई एवं मेहंदी प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से शिवानी राठौर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहती हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित श्री प्रकाश शर्मा, जानकी सेना संगठन की अध्यक्ष रंजना पचोरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, राठौर समाज सेवी संस्थान के अध्यक्ष रवि राठौर, सरोज जैन, लक्ष्मी गर्ग, सिलाई प्रशिक्षिका पूनम बाथम मेहदी प्रशिक्षिका हिमांशी जैन, अमन राठौर, सुनीता राठौर,शशि राठौर पूजा राठौर, राज राठौर, मोहिनी, फिजा खांन, माया जाटव, आदि उपस्थित रहीं।

## 14 माह की बेटी को छोड़कर फांसी पर झूल गई नवविवाहिता,मौत

शिवपुरी।

जिले के नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम कठेंगरा में एक नवविबाहिता अपने घर में फांसी पर झूल गई। इस मामले की सचूना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को नीचे उतारी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में ले लिया है।जानकारी के अनुसार जयदेवी पत्नि रामसिंह कुशवाह 21 साल निवासी कठेगरा नरवर की लाश अपने ही घर में फांसी पर लटकती मिली है। बताया जा रहा है कि उक्त महिला की शादी तीन साल पहले हुई थी। शादी के बाद से उसकी 14 माह की बेटी भी है। अब नव विबाहिता होने के चलते इस मामले में नायव तहसीलदार मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर मामला विवेचना में ले लिया है।

## नजदीकी केंद्र पर पहुंचे और वैक्सीन लगवाएं- कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

**सुबह 7 बजे से 318 केंद्रों पर लगेगी वैक्सीन**

शिवपुरी। पूरे प्रदेश के साथ ही शिवपुरी जिले में भी आज वैक्सीनेशन महाअभियान है। इस दौरान जिले में लगभग एक लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। वैक्सीनेशन के लिए जिला प्रशासन की टीम सक्रिय होकर काम में जुटी है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में टीम काम कर रही है। उन्होंने वैक्सीनेशन केंद्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं जिन्हें क्षेत्र आवंटित किए गए हैं। अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर महा अभियान की तैयारियां का जायजा ले रहे हैं। महा अभियान के दौरान जिले में 318 केंद्रों पर एक लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वैक्सीनेशन सुबह 7 बजे से शुरू होगा। सभी से अपील भी की जा रही है कि जिन्होंने अभी तक वैक्सीन नहीं लगवाई है। वह अपने नजदीकी केंद्र पर पहुंचकर वैक्सीन अवश्य लगवाएं। वैक्सीनेशन के लिए इन 318 केंद्रों में बदरवास में 30, करेरा में 30, खनियाधाना 48, कोलारस 25, नरवर 50, पिछोर 29, पोहरी 33, सतनवाड़ा 31 एवं शिवपुरी शहरी क्षेत्र में 42 केंद्र बनाए गए हैं। वैक्सीनेशन टीम के लिए खाने की व्यवस्था वैक्सीनेशन में कोई व्यवधान ना हो, किसी को खाने पीने के लिए परेशान ना होना पड़े इसलिए खाने के पैकेट तैयार कराए जा रहे हैं। वैक्सीनेशन टीम को केंद्र पर ही खाने के पैकेट दिए जाएंगे।

**स्थानीय अमले को केंद्र पर उपस्थिति के निर्देश**

इस महा अभियान में स्थानीय स्तर पर तैनात अमले की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से ग्रामीणों के संपर्क में स्थानीय अमला ही काम करता है। ऐसे में वैक्सीन लगवाने के लिए जन जागरूकता में भी इनकी अहम भूमिका है इसलिए आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम रोजगार सहायक, बीएलओ और शिक्षक आदि को वैक्सीनेशन केंद्रों पर उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## अमोला में एक ही क्योस्क संचालक से दो बार लूटा,एक बार के तीन आरोपी गिरफ्तार एक अभी भी फरार



शिवपुरी।

जिले के अमोला थाना क्षेत्र में एक ही क्योस्क संचालक से लगातार दो बार आरोपीयों ने लूट की बारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में पुलिस ने 3 आरोपीयों को हिरासत में ले लिया है। जबकि एक आरोपी फिलहाल फरार बताया जा रहा है। गुरुवार को प्रेस बार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने बताया कि 10 मई 2021 को फरियादी अमित पुत्र दामोदर लक्षकार उम्र 30 साल निवासी अमोलपठा हाल निवासी करैरा जो कि क्योस्क् बैंक का संचालक है ने थाना अमोला आकर रिपोर्ट किया कि मैं करेरा से अमोलपठा स्कूटी से जा रहा था जैसे ही मैं दांगीपुरा तिराहे के पास पहुंचा तभी कुछ अज्ञात बदमाश मोटर साइकिल से आए और मेरी स्कूटी के आगे अपनी गाड़ी लगा कर मुझे जबरदस्ती रोका और मेरे ऊपर कट्टा लगाकर मेरे पास से 190000 रुपये, पीडीएस मशीन, फिंगर प्रिंट मशीन, मोबाइल, लैपटॉप, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड लूट कर ले गए। उक्त सूचना पर से थाना अमोला में धारा 392 ताहि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया एसडीओपी करैरा जीडी शर्मा के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम का गठन किया गया एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया । मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि क्योस्क बैंक संचालक के साथ लूट करने के लिए अमोलपठा क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा ग्वालियर एवं मुरैना से कुछ बदमाशों को बुलाकर लूट की घटना को अंजाम दिया है। सूचना पर से उक्त व्यक्ति की तलाश ग्राम अमोलपठा एवं आसपास के क्षेत्र में की गई परंतु आरोपी नहीं मिला। गुरुवार को थाना प्रभारी अमोला उनि. अमित चतुर्वेदी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की लूट की घटना को अंजाम देने बा सभी आरोपी दांगीपुरा तिराहे के पास अमोलपठा रोड़ पर बैठे हैं, उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी अमोला द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जिस पर से अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी एवं एसडीओपी करैरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमोला पुलिस टीम के साथ मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर रवाना हुए। वहां पहुंचकर देखा कुछ लोग बैठकर बातचीत कर रहे हैं, पुलिस टीम जैसे ही उनकी ओर बढ़ी तो आरोपीगण पुलिस को आता देख भागने लगे जिनमे से चार आरोपीयों को हमराह फोर्स की मदद से पकड़ा एवं घटना मे सामिल एक आरोपी जंगल का फायदा उठाकर भाग गया। उक्त चारों आरोपियों को थाने लाकर शख्ती से पूछताछ की तो आरोपियों द्वारा उक्त लूट की घटना क करना स्वीकार किया, आरोपियों की निशादेही पर लूटे गये माल मश्रुका मे से 21000 रुपये नगदी एक लेपटॉप, फिंगर प्रिंट मशीन, लूट के पैसों से खरीदा गया एक मोबाइल बरामद किया। उक्त आरोपियों के विरुद्ध मुरैना, ग्वालियर, दतिया, गुना मे भी पूर्व से अपराध पंजीबद्ध हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अमोला अमित चतुर्वेदी, चौकी प्रभारी आमोलपठा पुनीत वाजपेयी, विवेक भट्ट, सउनि राकेश सेंगर, प्रआर. दामोदर, आर. संदीप राठौर, शिवम यादव, नागेन्द्र जाट, शिवम विश्वकर्मा, सुनील धाकड़, पवन, संजीव श्रीवास्तव, रामलक्ष्मण, रामनरेश राठौर, प्रमोद कुशवाह, नीतेन्द्र, राजपाल, अजेन्द्र परिहार, जसपाल, कुलदीप बाथम, जितेन्द्र रावत थाना दिनारा, आर चा. भीमेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## यह है ग्रामीण विकासः 3 किलो मीटर की सड़क में 300 गड्डे, यहां रोड़ में गड्डे नहीं बल्कि गड्डो में रोड़ है

शिवपुरी।



वैसे तो शिवपुरी में हुई भारी वारिश ने शिवपुरी में विकास की पोल खोल दी है। हालात यह है कि यहां नवनिर्मित फोरलाईन भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इसके साथ ही गांवों को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना शुरु हुई थी। देश के कई गांव इस योजना के अंतर्गत सड़क से भी जुड़े लेकिन कई जगहों पर सड़क निर्माण में लापरवाही और भ्रष्टाचार की शिकायतें भी सामने आईं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है शिवपुरी के बदरवास के रिजोदी गांव से। हाइवे से महज 3 किमी. पर बसे रिजोदी गांव को हाइवे से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत 2016 में सड़क का निर्माण कराया गया था लेकिन आज इस सड़क के जो हाल हैं उसे देखकर यही कहा जा सकता है कि दावों और पांच साल की गारंटी महज बोर्ड पर लिखी हुई अच्छी लगती है। इस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के गारंटी महज 5 साल है, परन्तु हालात यह है कि 4 साल बीतते ही इस रोड़ की यह हालात हो गई कि इस समझना मुश्किल है कि सड़क में गड्डे है कि गड्डों में सड़क है । इस रोड़ पर लगभग 3 किलो मीटर के दायरे में लगभग 300 से ज्यादा गड्डे है इस बात की शिकायत ग्रामीण कई बार अधिकारियों से कर चुके हैं। कोई सुनने को तैयार नहीं है।

### इनका कहना है

यह जो आप मामला बता रहे हैं वह हमारे संज्ञान में है। दरअसल हुआ यह है कि फोरलाईन निर्माण के दौरान इस रोड़ से बड़े–बड़े डम्फरों द्वारा माल ढोया गया है जिसके चलते यह रोड़ छतिग्रस्त हो गया है। जिसके चलते हम एनएचएआई को भी पत्र लिख चुके है। जिसमें एनएचएआई द्वारा महज 90 हजार रूपये स्वीकृत हुए है अब 90 हजार में इसकी रिपेयरिंग संभव नहीं है जिसके चलते हम पुनः पत्राचार कर रहे हैं जिससे जल्द–जल्द से कोई कम्पनी आये और इसका काम कर सके।

**आरके शर्मा, महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्रमांक 1 शिवपुरी**

## विद्यार्थी परिषद के प्रवर्तिका अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं स्वच्छता पर हुई परिचर्चा

शिवपुरी।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिवपुरी द्वारा मध्य भारत प्रांत के आव्हान पर चलाए जा रहे प्रवत्तिका अभियान को लेकर शासकीय पीजी कॉलेज में परिचर्चा का आयोजन किया गया इसी के साथ इस अभियान का समापन किया गया आगे प्रांत छात्रा प्रमुख अनुप्रिया तंवर ने बताया कि मध्य भारत प्रांत द्वारा चलाया गया 10 सितंबर से 15 सितंबर तक अभियान प्रवर्तीका पूरी मध्य भारत में लगभग 70 इकाइयों तक पहुंचा एवं उसी संदर्भ में यहाँ परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें महिला स्वच्छता और महिला सुरक्षा को लेकर कुछ विषय पर परिचर्चा हुई जिन्होंने अलग-अलग छात्राओं ने अपना विचार दीजिए उस पर हम अमल करेंगे एवं मंत्रालय तक पहुचाएंगे। आगे प्रोफेसर पल्लवी शर्मा ने बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में हम पूरी तरह से सहयोग करेंगे और यह अभियान विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाया जा रहा है इस अभियान के माध्यम से निश्चित ही महिलाओं के स्वच्छता एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्य योजना बनाई जाएगी इस अभियान में आगे बढ़ चढ़कर छात्राओं को भाग लेना चाहिए और हमारे समाज में जो पुरानी कुरीतियां हैं उनको खत्म कर आगे अवेयरनेस फैलाते हुए बढ़ना चाहिए। परिसर मंत्री नेहा यादव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रवृत्ति का अभियान का समापन शासकीय पीजी कॉलेज में हुआ इस अभियान में मुख्य रूप से प्रांत छात्रा प्रमुख अनुप्रिया तंवर प्रोफेसर पल्लवी शर्मा जिला प्रमुख मुकेश मिश्रा जिला संयोजक मयंक राठौर नगर मंत्री विवेक धाकड़ का उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में मंच व्यवस्था सीमा ओझा छाया शर्मा एवं मंच संचालन सौम्या भार्गव ने किया आगे सरस्वती वंदना ऐश्वर्या श्रेया एवं सोनिया कुलश्रेष्ठ ने की अतिथि व्यवस्था मैं रमन राठौर सोशल मीडिया व्यवस्था देवेश धानुक ऑनलाइन व्यवस्था में संदीप शर्मा आगे प्रद्युमन गोस्वामी सुमित शर्मा दीपा जाटव मनशिका गोयल राधिका खंडेलवाल प्रिया मुद्गल प्रियांशी लक्षकार आस्था अभिषेक चौहान रहे।

## घर से रूठकर भागा 14 वर्षीय बच्चा पुलिस की सक्रियता से ग्वालियर में मिला



शिवपुरी। जिले के करैरा थाना क्षेत्र के करैरा कस्बे में बीते रोज एक 14 वर्षीय बालक अपने घर से गायब हो गया। बताया गया है कि गुरुवार की सुबह 08 बजे मनोज जोशी पुत्र रामजी लाल जोशी नि0 बगेदरी दरवाजा करैरा ने करैरा थाने पहुंचकर बताया कि आज सुबह करीव 04 बजे उसका बेटा जयंत जोशी घर से बिना बताए गई गायब हो गया। इस मामले की सूचना पर पुलिस तत्काल सक्रिय हुई। जिसके चलते पुलिस ने तत्काल अपने सूत्रों को दौडाए जिसके चलते प्रधान आरक्षक सन्तोष कुमार,मनीष कुमार ने तत्पर्यता दिखाते हुये सुबह शिवपुरी, झांसी एवं ग्वालियर जाने वाली बसो के कन्डकटरों से मोबाईल फोन से चर्चा कर एवं गुम हुये बच्चे का फोटो वाट्सएप के माध्यम से भेजकर जयंत जोशी की तलाश की। तलाश के दौरान पता चला कि उक्त बच्चा ग्वालियर बाली बस में बैठा है। जिसे शासकीय कार्य पर गये आर0 660 लोकेन्द्र सिंह को मोबाईल से सूचना देकर ग्वालियर बस स्टेण्ड पर पहुंचकर उक्त लडका जयंत जोशी को संरक्षण मे लिया गया जो बाद ग्वालियर से वापस थाना आकर गुम हुये लडका जयंत जोशी के पिता मनोज जोशी को थाने पर सुपुर्द किया गया।

# झूठे प्रकरण दर्ज होते रहे, युवा जेल जाए तो मेरी विधायकी बेकार : गोविंद सिंह

### गोहद थाना प्रभारी का भ्रष्टाचार उजागर किया तो पत्रकार भाई पर किया अनुसूचित जाति के तहत प्रकरण दर्ज : गोविंद सिंह

गोहद। कांग्रेस कमेटी गोहद के द्वारा विगत दिनों से प्रशासन द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर तैयारी चल रही थी। जिसका आज कांग्रेस द्वारा जंगी प्रदर्शन किया गया बारिश के कारण कार्यक्रम को हॉकर्स जॉन में शिफ्ट किया गया। जहाँ लगभग कांग्रेस के सेकंडों कार्यकर्ता उवस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री डॉ गोविंद सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री भिंड जिला प्रभारी बालेंदु शुक्ल व विशिष्ठ अतिथि किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र शर्मा व आभार नगर अध्यक्ष टोनी मुदगल ने किया। कार्यक्रम में गोहद विधायक मेवाराम ने कहा मध्यप्रदेश की विधानसभा 12 अगस्त से 15 अगस्त तक चलनी थी मगर शिवराज सरकार के द्वारा समय से पहले खत्म कर दी जिसमे पार्टी के द्वारा महगाई, पेट्रोल, डीजल व क्षेत्र की समस्याओ को रखने का कार्यक्र्म बनाया था मगर समय से पहले विधानसभा भंग कर दी तो हमारे प्रदेश अध्यक्ष जनता के बीच जाकर जनता की लड़ाई लड़ने का कार्यक्रम बनाया। उन्होंने कहा कि मुझे जनता ने जिताया है आप सबकी में सेवा करूँगा। गोहद में अवैध खनन हो रहा है डम्परों से पुलिस अवैध वसूली कर रही है। पूर्व मंत्री बालेंदु शुक्ल ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को कांग्रेस को सबसे अधिक तवज्जो दी व सबसे ज्यादा टिकट दिए ऐसे लोगों को आगे सबक सिखाने के लिए जोरदारी से आगे आना है। मुख्य अतिथि डॉ गोविंद सिंह ने कहा जनदर्शन के नाम से शिवराज सरकार धोखा कर रही है प्रदेश में लूट, भृष्टाचार जोरो पर है। पत्रकार देश का चौथा स्तंभ माना जाता है देश के चौथे स्तम्भ पर झूठे प्रकरण दर्ज कर हमला किया जा रहा है। जब कोई पत्रकार पुलिस की पोल खोलता है उस पर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है। ऐसा ही मामला सामने आया है जब गोहद थाना प्रभारी द्वारा पुलिस की पोल खोलने पर पत्रकार पर अनुसूचित जाति का प्रकरण दर्ज किया आज सब लोग तय कर ले गोहद थाने का घेराव करेंगे। भिंड जिले में सबसे ज्यादा शिकायत गोहद पुलिस की मिल रही है। झूठे प्रकरण दर्ज होते रहे युवा जेल जाए तो मेरी विधायकी बेकार है। कार्यक्रम के बीच मे किसी ने कहा कि थाना प्रभारी का फोन बंद रहता है तो डॉ साहब बोले तो खोल देंगे। 10 दिन के अंदर गोहद थाना प्रभारी पर कार्यवाही नही हुई तो पुलिस का घेराव करेंगे। एसडीएम शर्मा से कहना चाहता हु की 2 पटवारियी पर कार्यवाही की गई बकाया पर क्यों नही की गई 10 दिन के अंदर कार्यवाही नही हुई तो थानेदार के साथ आपका भी नम्बर लगेगा। काँग्रेस ने गोहद विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर 31 बिन्दुओ का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम के मार्डत तहसीलदार रामजीलाल वर्मा को सौपा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, रामनारायन हिंडोलिया, भानु प्रताप सिंह तोमर, राधेश्याम शर्मा, देवाशीष जरारिया, रेखा बसेडिया, राजीव कौशिक, केशव देसाई, देवीसिंह तोमर, महाराज सिंह, आशीष गुर्जर, राजकुमार देशलहरा, कुलदीप गुर्जर, प्रमोद शुकला, शेलेन्द्र गुर्जर, प्रदीप यादव, गुड्डू भदौरिया, केदार कौशल, नरोत्तम चौरसिया, बबलू बरैया, रामहेत जाटव, रमजान खान, फिरदौश कुरेशी, साबू खान, जावेद पठान, संग्राम तोमर, मुन्नी भटेले, बंटी गुर्जर, बंटी शर्मा, गोपाल पचौरी प्रमुख रूप से रहे।



### झूठा मुकदमा दर्ज करने पर पत्रकारों ने दिया ज्ञापन

विगत दिनों गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थनीय पत्रकार पंकज तोमर द्वारा अवैध उत्खनन परिवहन व पुलिस की अवैध वसूली की खबर छापने पर गोहद पुलिस के थाना प्रभारी गोपाल सिकरवार के इशारे पर गोहद चौराहा थाना पर झूठा अनुसूचित जाति का प्रकरण दर्ज किया। पत्रकारों द्वारा पुलिस की पोल खोलने पर थाना प्रभारी के एजेंटी द्वारा पत्रकारों पर झूठे प्रकरण दर्ज करने की धमकी दी जाती है। जिससे आक्रोशित पत्रकारों ने विधायक गोविंद सिंह को ज्ञापन सोपा है।

## ग्वालियर-चंबल संभाग आयुक्त एवं डीआईजी चंबल की अध्यक्षता में इंडस्ट्रीस की बैठक आयोजित



कोरोना एवं बाढ़ आपदा में प्रशासन का सहयोग करने पर कई इंडस्ट्रीस सम्मानित

भिण्ड । ग्वालियर-चंबल कमिश्नर आशीष सक्सेना एवं डीआईजी सचिन अतुलकर की अध्यक्षता में मालनपुर स्थित विभिन्न इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों की बैठक मालनपुर स्थित विकास भवन में आयोजित की गई। इस दौरान एमपीआईडीसी के महाप्रबंधक सुरेश कुमार, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा सहित अन्य अधिकारी, इंडस्ट्री प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में ग्वालियर-चंबल कमिश्नर आशीष सक्सेना ने विभिन्न इंडस्ट्रीस के प्रतिनिधियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनके उद्योग के बारे में ओर उसमें कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी प्राप्त की। चंबल कमिश्नर सक्सेना ने इंडस्ट्रीस के प्रतिनिधियों को उनके द्वारा कोरोना काल एवं बाढ़ आपदा में दिए गए सहयोग के लिए सराहा। चंबल कमिश्नर श्री सक्सेना ने इंडस्ट्रीस के प्रतिनिधियों से अन्य विभिन्न विषयों पर चर्चा की। बैठक अंत में ग्वालियर-चंबल कमिश्नर आशीष सक्सेनाएवं डीआईजी सचिन अतुलकर ने विभिन्न इंडस्ट्रीस द्वारा प्रशासन को दिये गये बेहतर सहयोग के लिये प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया।

## महिलाओं को सुहाग बाट कर मनाई राधा अष्टमी

### नगर में जुलूस निकालने पर लोगों ने किया घरों से रथ पर फूल बरसा कर भव्य स्वागत



भिण्ड। जिले में मिनी वृंदावन के नाम से जानी जाने वाली गोहद नगरी मैं सैकड़ों वर्ष पुराने मंदिर बने हुए हैं किवदंती है कि यहां पर श्री कृष्ण गाय चराने आया करते थे। यहां तक गायों की हद मानी जाती है, इसलिए इस नगर का नाम गौहद रखा है कई वर्ष पूर्व गोहद के राजा ने यहां कई मंदिर बनवाए थे। जिनमें से प्रसिद्ध एक मदन मोहन जी की जग्गा है जिसमें राधा एवं कृष्ण की अलौकिक प्रतिमा है यहां भाद्रपद की शुक्ला अष्टमी को राधा अष्टमी के रूप में मनाया जाता है जिसमें राधा रानी के सेवक एवं श्रद्धालुओं द्वारा बाजार में भ्रमण करते हुए राधा रानी का रथ निकाला जाता है जिसे लोग अपने हाथों से खींच कर लगभग 1 किलोमीटर से अधिक मंदिर की परिक्रमा देते हैं। जहां लोग दर्शनार्थी लोग अपने-अपने घरों से फूल बरसा कर रथ का भव्य स्वागत करते हैं तत्पश्चात महिलाओं को मंदिर कमेटी द्वारा सुहाग का सामान वितरण किया जाता है और पुरुषों के लिए प्रसादी वितरण की जाती है पिछले वर्ष 2 वर्ष से कोरोना गाइड लाइन के अनुसार लॉक डाउन होने के दौरान यह कार्यक्रम नहीं मनाया जा सका लेकिन इस बार कार्यक्रम में भब्यता लाते हुए जुलूस मुख्य बाजार से निकाला गया। लोगों ने बड़े उत्साह के साथ रथ का स्वागत किया इस मंदिर से लोगों की विशेष आस्था जुड़ी हुई है जिसे हर वर्ष राधा अष्टमी एवं जन्म कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फूल बंगला सजाया जाता है।

## सुबह से शाम तक झूमकर बरसे बदरा, मौसम में घुली ठंडक

### गली-मोहल्ले हुए जल मग्न, नगर पालिका की खुली पोल, नाले-नालियां हुए फुल



भिण्ड। बीते दो दिनों से लगातार बारिश हो रही थी, लेकिन गुरुवार को जहां सुबह 11 बजे से रिमझिम बारिश हुई और अचानक जमकर बादल बरसे। इससे जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। झूमकर बादल बरसने से पिछला रिकार्ड टूट गया। सुबह से ही शुरू हुई बरसात शाम तक होती रही। इससे लोगों की दिनचर्या दिनचर्या प्रभावित हुई है। गुरुवार की सुबह 10 बजे के करीब आसमान में बादल घिर आए जिससे मौसम सुहावना हो गया।कुछ ही देर में तेज बरसात शुरू हो गयी। तेज बारिश का क्रम दोपहर बाद तक चला जबकि हल्की बूंदाबांदी शाम तक होती रही। आसमान में बादलों के डेरा जमाए रहने और झमाझम बारिस से मौसम में ठंड घुली रही। दिन की शुरुआत हल्की धूप से हुई, लेकिन अचानक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में घने बादल छा गए। कुछ पल में ही तेज बारिस भी शुरू हो गयी।

जिले भर में झमाझम बारिस होने से लोगों के चेहरे खिल उठे। लोगों ने मौसम का खूब लुत्फ उठाया। तेज वर्षा के कारण लोग घरों में रहे, सिर्फजरूरी काम से लोग छाता लेकर बाहर निकले। दोपहर के करीब घने बादल छा जाने से दिन में ही रात का नजारा दिखने लगा। मौसम विभाग के अनुसार झमाझम बारिश और बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान लुढ़क गया है। बरसात से गांवों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीण इलाकों में साफ सफाई और एंटी लार्वा दवा का छिडकाव न होने और जगह जगह जल जमाव होने से मच्छर पैदा हो रहे हैं। ऐसे में मच्छरजनित बीमारियां भी गांवों में बढ़ने की आशंका है।

### बदलते मौसम से रहे सतर्क

प्रतिदिन बदल रहे मौसम से सतर्क रहने की जरूरत है। दिन में गर्मी और शाम को ठंड से बीमारियां बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। वरिष्ठ चिकित्सक अनिल गोयल बताते हैं कि तापमान में उतार चढ़ाव होने से मौसम जनित बीमारियां बढ़ सकती हैं। बताया कि ऐसे मौसम में जुकाम, खांसी और बुखार जैसी बीमारियां होने की संभावना रहती है। इसलिए विशेष सतर्कता रखते हुए ठंडी चीजों के सेवन से बचना चाहिए।

## कार्यशाला में अधिकारियों को दिए विभिन्न निर्देश




भिण्ड । ग्वालियर-चंबल संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना एवं डीआईजी चंबल सचिन अतुलकर की अध्यक्षता में बीट स्तरीय समाधान केंद्र कार्यशाला मालनपुर स्थित रेजेंसी रिजॉर्ट्स में आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा सहित अन्य अधिकारी, बीट प्रभारी, समस्त कोटवार उपस्थित रहे।

ग्वालियर चंबल संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना ने बैठक में कहा है कि ग्रामीण स्तर पर कानून व्यवस्था बनी रहे। ग्रामीणों के छोटे-मोटे झगड़े वहीं निपटे, उन्हें जिला स्तर पर अपने झगड़े शिकायतों को लेकर नहीं आना पड़े। इसके लिये वीट सिस्टम का पाइलट प्रोजेक्ट ग्वालियर एवं चंबल संभाग में लागू किया जा रहा है। इस सिस्टम के तहत वीट स्तर पर मुख्यालय बनाकर प्रत्येक सोमवार को सुबह 9 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक वहां का मैदानी अमला पटवारी, राजस्व निरीक्षक, कोटवार सहित अन्य विभागों का मैदानी अमला मौजूद रहकर वहां के लोगों की लोकल स्तर पर समस्याओं का निपटारा करेंगे। पुलिस विभाग का आरक्षक इस वीट का प्रभारी रहेगा। प्रत्येक तहसील में जितनी वीट होगी, उन वीटों का तहसील के एसडीएम, तहसीलदार वीट पर निराकृत हो रहे प्रकरणों का वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सुपरविजन करेंगे। वीट मुख्यालय को समाधान केन्द्र के रूप में जाना जायेगा।

संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने कहा कि इस व्यवस्था में कोटवारों सहित अन्य मैदानी अमला जो गांव की हर गतिविधियों की जानकारी से उच्च अधिकारियों को अवगत करायेगा। जैसे कोटवार माफियाओं की मिलावट खोरों की जानकारी दे सकते है। तीज त्यौहारों में शान्ति भंग करने वालों की भी जानकारी दे सकते है। बीट स्तरीय समाधान केंद्र पर सभी संबंधित अधिकारी समन्वय बना कर कार्य करें। डीआईजी चंबल सचिन अतुलकर ने कहा कि समाधान केन्द्र के माध्यम से अपराधों पर नियंत्रण करने के साथ-साथ ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण भी केन्द्र पर हो सकेगा। इसके साथ ही प्रशासन का सूचना तंत्र भी मजबूत होगा। समाधान केंद्रो का जिले में प्रारंभ होने से ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण में तेजी आयेगी।

## कलेक्टर ने की जिले में खाद उपलब्धता की समीक्षा



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने कृषि, सहकारिता, मार्कफेड एवं बैंकर्स की बैठक लेकर जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में की। बैठक में सहकारिता उपायुक्त रविशंकर गौर, कृषि विभाग, बैंकर्स एवं मार्कफेड के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिले में खाद की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि खाद की कमी के लिए संचालक कृषि को तत्काल मांग पत्र भेजा जाए, ताकि समय रहते जिले को पर्याप्त खाद उपलब्ध हो सके और किसानो को खाद की कमी ना हो। उन्होंने डीएम मार्कफेड से खाद के मांग पत्र के बारे में जानकारी चाही गई जिस पर उनके द्वारा सही से जानकारी एवं मांग पत्र ना भेजने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कह कि तत्काल आज ही खाद के लिए मांग पत्र संचालक कृषि को भेजा जाए। इसी दौरान कलेक्टर ने संचालक कृषि से जिले के लिए मांग अनुसार खाद उपलब्ध कराने के लिए मोबाईल पर चर्चा की।


## प्रसूता के इलाज में बरती लापरवाही, इलाज से पहले मौत



भिण्ड। जिला अस्पताल में प्रसूता के इलाज में लापरवाही बरतने से उसकी जान चली गई। जिला अस्पताल मरीजों को घिनौनी नजरों से देखते हुए इलाज में लापरवाही बरतने की शिकायतें मिलती ही रहती है लेकिन गुरूवार को जिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद तबीयत बिगड़ने पर भर्ती होने आयी प्रसूता की जान भी लापरवाही की भेंट चढ़ गई। अटेर में बच्चे को जन्म देने के बाद जब प्रसूता की तबियत बिगड़ी तो उसे जिला अस्पताल लाया गया। यहां उपचार समय पर शुरू न होने से उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने चक्का जाम लगाया। पुलिस प्रशासन ने जाम को तत्काल खुलवाया। इधर जिला अस्पताल प्रबंधन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

दरअसल, उत्तरप्रदेश के आगरा जिला बाह तहसील के ग्राम बिट्ठोना गांव निवासी 24 वर्षीय रीना पत्नी अजय वाल्मीकि बीते रोज पिता के निधन पर मायके अटेर के जोशी नगर में आई थी। महिला रीना को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। जेठ विजय वाल्मीकि ने 108 पर एंबुलेंस के लिए काल किया, लेकिन एंबुलेंस काल सेंटर से एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई। ऐसे में जेठ विजय वाल्मीकि बाइक पर बैठाकर रीना को अटेर अस्पताल लेकर पहुंचे। अटेर अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड में रीना को भर्ती कर लिया गया था। जेठ विजय का कहना है अटेर में स्टाफ ने चेकअप कर सुबह नार्मल डिलीवरी होने की बात कही थी। सुबह करीब 10 बजे रीना ने बेटी को जन्म दिया। जन्म के बाद रीना की तबीयत बिगड़ी तो वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जेठ का कहना है कि वे स्वजन के साथ बहू रीना को जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन यहां करीब एक से डेढ़ घंटे तक रीना को इलाज नहीं मिल पाया। इस दौरान दोपहर के पश्चात रीना ने दम तोड़ दी। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों का आक्रोश को भांपकर अस्पताल चौकी के पुलिसकर्मियों ने समझाइश देकर शव डेड हाउस भिजवाने के लिए कहा, लेकिन मृतिका रीना की चाची रामकलां वाल्मीकि व अन्य परिजन शव को स्ट्रैक्चर समेत जिला अस्पताल के बाहर लेकर आ गए। जिला अस्पताल के बाहर सड़क पर चक्काजाम कर दिया।

## बीजेपी के व्हॉट्सएप ग्रुप पर डाला अश्लील मैसेज, मामला दर्ज



भिण्ड। लहार विधानसभा में बीजेपी कार्यकर्ताओं के एक ग्रुप पर अश्लील मैसेज भेजे जाने के बाद हड़कंप मच गया। अश्लील मैसेज ग्रुप में मिलने को लेकर वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई है। जिसके बाद ग्रुप एडमिन ने मैसेज भेजने वाले के खिलाफ लहार थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। लहार के बीजेपी नेता अभय प्रताप पुत्र श्याम वीर सिंह ने पुलिस थाने में एक आवेदन दिया। जिसमें कहा गया है कि लहार विधानसभा में भाजपा लहार मिशन 2023 नाम से बीजेपी कार्यकर्ता का एक वॉट्सऐप ग्रुप संचालित किया जाता है। इस ग्रुप में करीब 4 लोग एडमिन है। और ये ग्रुप बीजेपी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को सूचना आदान प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया। इस ग्रुप में 11 सितंबर को एक अश्लील फोटो डाला गया। यह फोटो से बीजेपी कार्यकर्ताओं को आघात पहुंचा है। जिसके बाद पुलिस ने शिकायती आवेदन पर अश्लील मैसज डालने वाले संतोष पाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# अमेरिका की चिंता

अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार में हक्कानी नेटवर्क की आमद से अमेरिका नाराज हो गया है। हक्कानी नेटवर्क को सरकार में शामिल कराने की पाकिस्तान की दिलचस्पी किसी से छिपी नहीं है। पाकिस्तान के मंसूबे अभी भले ही पूरे हो गए हों, मगर अमेरिका को यह बर्दाश्त नहीं हुआ है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने साफ लहजे में कहा है कि तालिबान सरकार में हक्कानी नेटवर्क की मौजूदगी बर्दाश्त से बाहर है। पाकिस्तान को इसकी कीमत चुकानी होगी। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका अब पाकिस्तान के साथ रिश्तों की समीक्षा करेगा और उस पर नकेल कसेगा। विदेश मंत्री की यह चेतावनी पाकिस्तान के लिए सिरदर्द बनने जा रही है। संभव है कि अभी अमेरिका से पाकिस्तान को जो भी मदद मिल रही है, वह भी बंद हो जाए। बता दें कि अमेरिका ने जिस हक्कानी नेटवर्क मुखिया को वैश्विक आतंकी घोषित कर रखा है, उसे तालिबान ने गृह मंत्री बनाया है। अलकायदा और इस्लामिक स्टेट सहित कई दूसरे आतंकी संगठनों से तालिबान के रिश्ते कौन नहीं जानता! इसलिए चीन और रूस जैसे ब्रिक्स के ताकतवर सदस्य देश आतंकवाद पर लगाम कसने और अफगानिस्तान को आतंकियों की पनाहगाह बनने से रोकने में कितनी और कैसी भूमिका निभाते हैं, यह देखना होगा। पिछले दिनों ब्रिक्स देशों की सालाना बैठक में अफगानिस्तान और आतंकवाद का मुद्दा प्रमुखता से उठा। यह इस बात को रेखांकित करता है कि आतंकवाद और अफगानिस्तान के ताजा घटनाक्रम से सिर्फ भारत ही परेशान नहीं हैं, बल्कि रूस और चीन जैसे देश भी चिंतित हैं। यह चिंता इस अपील में स्पष्ट रूप से झलकी है जिसमें ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) ने अफगानिस्तान को आतंकवाद की पनाहगाह बनने से रोकने की अपील की है। बैठक के बाद जारी घोषणापत्र में सबसे ज्यादा जोर आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई पर रहा। अगर उपलब्धि के लिहाज से देखें तो बैठक में आतंकवाद के खिलाफ एक रणनीति बनाने पर सहमति बनी और इसके तहत एक कार्ययोजना को हरी झंडी दी गई। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि ब्रिक्स देशों में भारत ही आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित देश है। अफगानिस्तान के घटनाक्रम भी भारत के लिए कम चिंताजनक नहीं हैं। वहां भारतीय मूल के लोगों की सुरक्षा से लेकर तालिबान सरकार के साथ संबंध जैसे जटिल मुद्दों ने भारत के सामने संकट तो खड़ा कर ही दिया है। जहां चीन और रूस ने खुल कर तालिबान सरकार को समर्थन दे दिया है, वहीं भारत अभी तक %देखो और इंतजार करो' की नीति पर चल रहा है। ऐसे में अफगानिस्तान और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर ब्रिक्स समूह की घोषणा कितनी कारगर रहेगी, अभी इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता। गौरतलब है कि भारत लंबे समय से सीमापार आतंकवाद झेल रहा है। यह तो पूरा विश्व जान और देख रहा है कि भारत में आतंकवाद का सबसे बड़ा और एकमात्र कारण पड़ोसी देश पाकिस्तान है। सीमापार आतंकवाद का सिलसिला अभी भी जारी है। पर अब यह संकट इसलिए गहरा गया है क्योंकि अफगानिस्तान में तालिबान सरकार आ गई है। भारत तात्कालिक तौर पर यह अंदेशा जता चुका है कि पाकिस्तान तालिबान लड़ाकों को कश्मीर में भेजेगा और अशांति पैदा करने की कोशिश करेगा। भारत की यह चिंता रूस और चीन भी समझ तो रहे ही हैं। अब अमेरिका भी संभावित खतरे को भांप गया है। तालिबान की सरकार में हक्कानी नेटवर्क की मौजूदगी अमेरिका को एक नए संभावित हमले के रूप में दिख रही है।

# नरेंद्र मोदी के जीवन के कुछ अनछुए पहलू

**आत्मदीप**

बात पुरानी है, पर आज भी प्रासंगिक है। यह अनौपचारिक बातचीत नरेंद्र मोदी की बनावट के कुछ अनकहे पहलुओं पर रोशनी डालती है। तब मोदी दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री थे और विधानसभा चुनाव करीब थे। उनके अनायास बुलावे पर उनके घर पहुंचे तो उन्होंने सबसे पहले हमारे हालचाल पूछे। हमने भी हालचाल पूछते हुये कहा- आप इतने बड़े सरकारी घर में अकेले रहते हैं। आप पर काम का काफी दबाव रहता है। नतीजे में आपने अभी तक एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है। आप लगातार ऑनलाइन और ऑफलाइन घंटो काम करते हैं। ऐसे में आप परिवार के किसी सदस्य को अपने साथ क्यों नहीं रख लेते, ताकि वह आपके खानपान, विश्राम आदि का ध्यान रख सके।

मोदी का जवाब समझने लायक था। यह जवाब बताता है कि वे अपनी छवि के प्रति कितने सतर्क रहते हैं। उन्होंने जवाब दिया- मोरारजी देसाई कितने कट्टर नैतिकतावादी थे। उन्होंने प्रधानमंत्री निवास में बेटे कांति देसाई को साथ रखा। इसके कारण मोरारजी की छवि पर कैसे आंच आई। इसलिये मैं किसी को साथ नहीं रखता। मैने अपने परिवार वालों को साफ कह रखा है कि वे कभी भी मेरे मुख्यमंत्री निवास में पांव न रखें। उन्हें जब भी मेरी जरूरत हो, मुझे फोन करें, मैं उनके पास दौड़ा चला आउंगा। उन्हें मेरे पास आने की जरूरत नहीं। आये तो लोग उनके साथ फोटो खींचकर, नजदीकी दिखाकर दुरूपयोग करने का प्रयास कर सकते हैं, अनावश्यक विवाद खड़े हो सकते हैं।

मोदी बोले- जहां तक मेरी देखभाल का सवाल है, इसके लिये मुझे किसी सहारे की जरूरत नहीं। मैं अपना ध्यान खुद रख सकता हूं। रोजाना 24 घंटे में से लगभग दो तिहाई समय काम करता हूं। फिर भी मेरी दिनचर्या सुव्यवस्थित है। मैं आने खानपान और फिटनेस का पूरा ध्यान रखता हूं। इसलिये आपने मेरे बीमार पडने की खबरें नहीं सुनी होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मिले संस्कार और प्रशिक्षण ने मुझे स्वावलम्बी बनाया है। सांसारिक जीवन में आमतौर पर होने वाली अपेक्षाएं भी मुझ में नहीं हैं। अच्छे वस्त्रविन्यास का, सुशोभन दिखने का शौक जरूर है।

परिवार के हालचाल पूछले पर मोदी ने बताया कि जिस कमरे में बैठकर हम बात कर रहे हैं, उतने से कमरे में मेरी मां रहती है। वो आज भी दस-बीस रूपये वाली हवाई चप्पल पहनती है। मेरे उस घर में फर्नीचर के नाम पर एक प्लास्टिक की कुर्सी है। भाईबंद अपने छोटे-मोटे काम धंधे से गुजारा करते हैं।



हमने कहा, अभी तक हम जितने भी मुख्यमंत्रियों के निवास पर गये, वहां काफी तामझाम देखा। नेताओं, कार्यकर्ताओं, अफसरों, कर्मचारियों आदि का जमावड़ा देखा। लेकिन आपके मुख्यमंत्री निवास पर ऐसा कुछ नहीं दिखा, बल्कि एकदम उलट नजारा दिखा। इस निवास के बाहरी प्रवेश द्वार से लेकर भीतर तक बहुत ही कम अधिकारी-कर्मचारी दिखे। नेता, कार्यकर्ता वगैरह तो नजर ही नहीं आये। इस बड़े फर्क की कोई खास वजह?

मोदी बोले- अपने पास उतने ही चुनींदा अधिकारी-कर्मचारी रखता हूं, जितने की वाकई जरूरत है। नेता, कार्यकर्ता, अफसर आदि जो भी मिलने आते हैं, उन्हें बात होते ही यहां से रवाना कर देता हूं। काम होने के बाद किसी को यहां रूके रहने नहीं देता। रूके रहे तो फोटो खींचकर नजदीकी दिखाकर बेजा इस्तेमाल करने की आशंका रहती है। आपने मुख्यमंत्री निवास में छाई सन्नाटे की स्थिति की खास वजह पूछी तो उसका जवाब यह है कि अगर आप चापलूसों से घिरे रहते हैं तो वो आपका यशोगान करने में आपका मूल्यवान समय बर्बाद करते हैं और आपको जमीनी हकीकत का अहसास नहीं होने देते। आप चापलूसों से जितना दूर रहेंगे, उतने की जमीन से जुड़े रहेंगे। चापलूसों से दूर रहने से आपका कीमती वक्त बचता है। मैं यही करता हूं। इसी कारण मेरे पास पर्याप्त समय होता है, जिसे मैं कम्प्यूटर पर बिताता हूं। इससे मुझे रोजाना काम की काफी जानकारियां भी मिलती हैं।

हमने कहा, आप हम करीब पौने घंटे से बात कर रहे हैं। इस दौरान न आपके पास कोई फाइल आई, न आपके फोन की घंटी बजी और न ही कोई स्टाफ किसी काम से भीतर आया। जबकि दूसरे मुख्यमंत्रियों के यहां ऐसा नहीं होता। उनसे इतनी लंबी बातचीत के दौरान बीच-बीच में किसी न किसी रूप में व्यवधान आते रहते हैं। यह बड़ा अंतर कैसे ?

मोदी बोले- मैं जिनसे भी मिलता हूं, उन्हें अपना क्वालिटी टाइम देता हूं। बातचीत के दौरान सिर्फ मैं और वो ही होते हैं, और कोई नहीं। इससे दोनों के बीच विचारों का आदान-प्रदान पूर्णतः हो पाता है। इससे उन्हें भी संतोष मिलता है और मुझे भी। इसलिये मैने स्टाफ को कह रखा है कि जब मैं किसी से भेंट करूं, जब कोई फोन, फाइल या व्यक्ति हमारे बीच नहीं आना चाहिये।

हमने कहा, कुछ लोग आपको अड़ियल क्यों मानते हैं? आपके कपड़ों पर भी सवाल उठाते हैं। मोदी ने सहज भाव से स्वीकार किया-हां, मैं एरोगेंट हूं और हूं तो हूं। इसके अलावा और कोई आरोप मुझ पर चिपकता ही नहीं। भ्रष्ट या अनैतिक होने का आरोप तो कोई लगाता भी नहीं। ताजा मिसाल देखिये, जो बताती है कि मुख्य विपक्षी दल के पास मुझ पर आरोप लगाने के लिये क्या सामान बचा है। हाल में कांग्रेस के सभी प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में अहमदाबाद में कांग्रेस का बडा सम्मेलन हुआ। उसमें मुझ पर सबसे बड़ा आरोप यह लगाया गया कि मोदी के पास 250 जोड़ी कुर्ते-पायजामे हैं। और तो कोई आरोप उनको सूझा ही नहीं। मैने भी सार्वजनिक रूप से इस आरोप को सहर्ष स्वीकार किया, साथ में यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं ने 50 के आगे 2 का आंकड़ा या 25 के बाद शून्य गलती से लगा दिया है।

हमने कहा, आपके मुख्यमंत्री निवास का प्रवेश द्वार मालूम नहीं था। सो, दो गेट पर भटकने के बाद हम प्रवेश द्वार पर पहुंचे। तीनों गेट पर हमें किसी ने रोका-टोका नहीं। तीनों जगह मात्र दो-दो सुरक्षाकर्मी खड़े दिखे। उनके पास भी कोई खास हथियार नहीं थे। मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर सांकेतिक अवरोधक लगा था। वहां कार रोकने पर बिना वर्दी वाले शख्स ने सिर्फ हमारा नाम पूछा और बेरिकेड हटा दिया। आपके निवास के द्वार पर भी बिना वर्दी वाला आदमी खड़ा था। उसने मुझे कहा कि आप अंदर आ जाइये। आपकी गाडी चला रहा शख्स पार्किंग में गाडी लगा देगा। इस पर मैने कहा कि ये ड्राइवर नहीं है। मेरे मित्र हरीश नीमा हैं इसलिये मैं भी पार्किंग में जाकर इन्हें साथ लेकर जाउंगा। यहा सुनकर उस आदमी ने हमें पार्किंग में न भेजकर सीधे आपके पोर्च में हमारी गाड़ी लगवा दी।

हमने यह भी कहा कि हमने आपको न तो हमारी कार का नम्बर बताया था और न ही साथ आये मित्र का नाम। फिर भी हमारी गाड़ी की कोई जांच नहीं हुई। अन्य मुख्यमंत्रियों से मिलने जाने पर उनके निवास पर तैनात सुरक्षाकर्मी आगंतुक रजिस्टर में देखते हैं कि मिलने वालों की सूची में हमारा नाम है या नहीं। फिर कार की पूरी जांच करके ही अंदर जाने देते हैं पर यहां ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। मुख्य प्रवेश द्वार पर भी मेटल डिटेक्टर और सुरक्षा का तामझाम नहीं दिखा। ऐसा क्यों, जबकि आपको जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है।

मोदी बोले- दिखाई देने वाली (विजिबल) सुरक्षा व्यवस्था से बचाव सुनिश्चित होता है क्या। आतंकी हमले के कितने नये तरीके आ गये हैं। उनके आगे दिखावटी सुरक्षा कारगर नहीं होती भाई। इंदिरा गांधी को तो उन्हीं के सुरक्षा गार्डों ने प्रधानमंत्री निवास में ही मार डाला। उनके बाद प्रधानमंत्री राजीव गांधी को सर्वोच्च सुरक्षा प्राप्त होने के बावजूद कैसे सरे आम बम से उड़ा दिया गया। मोदी के इस जवाब से साफ हुआ कि वे अदृश्य सुरक्षा व्यवस्था पर ज्यादा भरोसा करते हैं।

## प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है। अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत्, चित् एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं। मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है।

# बच्चों की इम्युनिटी के लिए जंक फूड हानिकारक

**अरविन्द प्रेमचंद जैन**

भारत में कोरोना महामारी की दूसरी लहर के साथ ही तीसरी लहर को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। डॉक्टरों का मानना है कि महामारी की तीसरी लहर में बच्चे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। बच्चों की इम्यूनिटी स्ट्रांग करने के लिए आसान उपाय।

कोरोना वायरस का कहर आज भी जारी है, वहीं डॉक्टरों का कहना है तीसरी वेव भी जल्द आ सकती है, जिसमें सबसे ज्यादा खतरा बच्चों को है। संक्रमण के बढ़ते खतरे और वैक्सीन का उपलब्ध ना होना बच्चों के इम्यून सिस्टम का ध्यान रखने के लिए हमें मजबूर कर देता है। इम्यून सिस्टम को स्ट्रांग करने में सबसे आसान तरीकों में से एक है कि माता-पिता बच?चों की थाली में पौष्टिक आहार शामिल करें। एक अच्छी डाइट / आहार आपके बच्चे के विकास से लेकर सेहत पर असर डालती है।

**बच्चों में इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए- खिलाएं लोकल फ्रूट:** अपने बच्चों की डाइट में कोशिश करें की कम से कम एक सीजनल और एक लोकल फल जरूर शामिल करें। अगर उन्हें यह पसंद नहीं है तो उन्हें इसे खाने के लिए मजबूर न करें, लकिन कोशिश करें कि वह इसका एक टुकड़ा जरूर खाएं। इससे पेट में अच्छे बैक्टीरिया का विकास होगा जिससे बच्चे का इम्यून सिस्टम बेहतर बनेगा।

**लड्डू या हलवा:** हर किसी के लिए शाम 4 बजे से 6 बजे के बीच कुछ हेल?दी और पौष्टिक खाना बेहद ज़रूरी है। कुछ मीठा और सादा भोजन जैसे रोटी, घी और गुड़ का रोल या सूजी का हलवा या रागी के लड्डू देने से उन्हें एनर्जेटिक रहने में मदद मिल सकती है। यह उनके समग्र स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा का ख्याल रखता है। यह बच्चों में कोर्टिसोल के उतार-चढ़ाव का ख्याल रखते हैं।



**चावल:** पाचन करने में आसान और टेस्टी चावल बच्चों की डाइट में शामिल करना बेहद जरूरी है। चावल प्रोटीन का एक समृद्ध स्रोत है। चावल में कई हेल्दी नुट्रिएंट्स होते हैं, जिसमें सबसे ज्यादा अहम है हर तरह के एमिनो एसिड का होना। दाल-चावल और घी डिनर का सबसे अच्छा ऑप्शन होता है।

**अचार या चटनी:** बच्चों को रोजाना घर का बना अचार-चटनी या मुरब्बा दें। ये सहायक भोजन उनके पेट के गुड /अच्छे बैक्टीरिया को पनपने में मदद करेंगे, उनकी इम्यूनिटी को स्ट्रांग करेंगे और उन्हें खुश रहने में मदद करेंगे।

**काजू:** खाने के बीच मुट्ठीभर काजू बच्चों को सक्रीय और तंदुरुस्त बनाए रखने में मदद करेंगे। काजू में माइक्रो-न्यूट्रिएंट्स होते हैं, जिससे बॉडी पेन और दर्द कम हो जाता है।

**उनके सोने का समय फिक्स करें:** सोने के समय को नजरअंदाज करना सीधे तौर पर हमारी इम्यूनिटी पर असर डाल सकता है। अच्छी नींद हमारी इम्यूनिटी सिस्टम को और सेहत को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। यह मोटापे के जोखिम और जंक फ़ूड के लगाव को भी कम करता है। जिन बच्चों का सोने का समय निश्चित नहीं होता है, उनका इम्यून सिस्टम ज्यादातर कमजोर ही होता है। सोने का समय रात 10 बजे के करीब तय किया जाए।

**जंक फूड से बच्चे को बचाएं:** सभी प्रकार के बने बनाये या जंक फूड से अपने बच्चे को बचाएं। ये खाद्य पौष्टिक पदार्थ ट्रांस फैट से भरे होते हैं और इनमें कम पौष्टिकतत्व होते हैं। यह अक्सर वजन बढ़ाते हैं और शरीर को पोषण नहीं देते। यहां तक कि हर पैकेज फ़ूड जिसपर लिखा है की वो हेल्दी हैं ,वह असल में नहीं होते।

**शारीरिक क्रिया कलाप:** शारीरिक क्रिया कलाप सक्रिय रहना जीवन शैली की एक और महत्वपूर्ण आदत है, जो आपको तंदुरुस्त औरसक्रिय रहने में मदद करती है। व्यायाम या ध्यान करने से मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा मिलता है और पुरानी बीमारियों के फिर से होने के जोखिम को कम करता है। बच?चों को घर के छोटे-मोटे कामों में लगा देना चाहिए, जिससे वह सक्रिय रहें। आप चाहें तो उनके कमरे की सफाई करवाना और अपने लिए गिलास में पानी लाना आदि हो सकता है।

# कर्मयोगी प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी

**सूडोकु नवताल- 5835** ★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | | | 6 |
| 7 | | 2 | | 5 | | | | 9 |
| | | 4 | | | 2 | 7 | 5 | |
| 5 | 7 | | | | 9 | | 1 | 8 |
| | | | | 6 | | | | |
| 6 | 1 | | 3 | | | | 2 | 4 |
| | 5 | 1 | 9 | | | 8 | | |
| 2 | | | | 8 | | 9 | | 1 |
| 9 | | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

**सूडोकु नवताल -5834 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 2 |

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

17 सितम्बर 1950 को बॉम्बे राज्य, महेसाना जिले के वडनगर में राबेन दामोदरदास मूलचंद मोदी के घर अवतरित देश के प्रधान सेवक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर्तव्य निष्ठा, कार्य क्षेमता, स्पष्ट दूरदर्शिता और चरित्र की अखंडता आदि की कुशलता के घोतक है। आपकी छवि एक मर्मस्पर्शी, सर्वग्राही कर्मयोगी, कठोर प्रशासक और कड़े अनुशासन आग्रही की मानी जाती है। वे यथार्थवादी के साथ समर्पित, आदर्शवादी भी हैं। झलक बचपन से ही अपने पिता का हाथ बंटाना शुरू कर दिया था। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर सफर करने वाले सैनिकों की भरपूर सेवा की। नरेंद्र मोदी ने अपनी स्कूली शिक्षा वडनगर से पूर्ण की थी। इन्हें वाद-विवाद और नाटक प्रतियोगिताओं में बहुत रूचि रही। वे राजनीतिक और विकास मूलक विषयों पर नई-नई आयामों, नवाचारों को प्रारंभ करने में भी काफी अविरल रहे। गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। मोदी जी राजनेता के साथ-साथ एक अच्छे इंसान, कर्मयोगी, लेखक और कवि भी है।



नरेंद्र भाई ने किशोरावस्था में अपने भाई के साथ चाय की दुकान पर काम किया। युवावस्था में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में शामिल होकर भ्रष्टाचार के विरोधी नवनिर्माण आन्दोलन में अहम किरदार बनें। मोदी जी जब विश्वविद्यालय में पढ़ते थे तभी से वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा में नियमित जाने लगे थे। 1958 के शुरूआती दौर में ही निस्वार्थता, सामाजिक जवाबदारी, समर्पण और राष्ट्रवाद की भावना को आत्मसात कर लिया। 1967 में गुजरात के बाढ़ पीड़ितों की बेपनाह सेवा की। इसी तरह से उनकी जिंदगी एक संघ के निष्ठावान प्रचारक के रूप में शुरू हुई। उन्होंने शुरू से ही राजनीतिक सक्रियता दिखलाई और भारतीय जनता पार्टी का जनाधार मजबूत करने में महत्ती भूमिका निभाई। उल्लेखनीय, 1998 से उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री का उत्तरदायित्व 2001 तक बखूबी निर्वहन किया। फलीभूत, भारतीय जनता पार्टी ने 2001 में केशुभाई पटेल की जगह पर नरेंद्र मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा। तबसे निरंतर 2014 तक चार बार मुख्यमंत्री रहे। सम्यक गुजरात भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं से पड़े विपरीत प्रभावों से लड़ रहा था। उन्होंने गुजरात में विकास की कई कारगर योजनाएं चलाई। अभिभूत, भारतीय जनता पार्टी ने 2014 में मोदी जी नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ा। जिसमें पार्टी को अभूतपूर्व सफलता मिली। जहाँ पर इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 336 सीटें अर्जित की। वहीं पर अकेले भारतीय जनता पार्टी ने 282 सीटों पर विजय प्राप्त की। बाद 20 मई 2014 को संसद भवन में भाजपा संसदीय दल एवं सहयोगी दल की संयुक्त बैठक में नरेंद्र मोदी ने संसद भवन में प्रवेश करने से पहले उसकी जमीन को झुककर वैसे ही प्रणाम किया, जैसे किसी पवित्र मन्दिर में सजदा करते हैं। संसद भवन के इतिहास में ऐसा करके उन्होंने सभी के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। नरेन्द्र मोदी ने अनेक संघर्षों, तपस्या और जनाकांक्षाओं के साथ 26 मई 2014 के पावन अवसर पर स्वतंत्र भारत के 15 वें प्रधानमंत्री की शपथ ली। फिर भारी बहुमत के साथ 2019 में देश ने उन्हें भारत की कमान सौंपी। उनके कुशल नेतृत्व में राष्ट्र ने विकास, जनकल्याण, समृद्ध और समृद्धि की कालजई नीत नई गाथा गढ़ी। जिनमें अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, कश्मीर से धारा 370, 35 ए की समाप्ति, तीन तलाक को तलाक, सम्मान नागरिकता संहिता, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, बेटी बढ़ाओ, बेटी पढ़ाओ, जन-धन योजना, आत्मनिर्भर भारत, कोरोना निशुल्क वैक्सीनेशन और आयुष्मान भारत योजना जैसे गंगनचुंबी कार्य हर भारतीय का सिर फक्र से ऊंचा कर देते हैं। प्रतिष्ठित लोक कल्याणकारी कार्यकाल में विदेशों ने भी प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि देश के प्रधान सेवक के कुशल नेतृत्व से कायल होकर अपने सर्वोच्च सम्मानों से नवाजने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

# पाक ऐसा बने कि दुनिया नाज़ करे

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पाकिस्तान ने संयुक्तराष्ट्र मानव अधिकार परिषद और 'इस्लामी सहयोग संगठन' (आईआईसी) में कश्मीर का मुद्दा फिर से उठा दिया है। पाक प्रवक्ता ने यह नहीं बताया कि कश्मीर में मानव अधिकारों का उल्लंघन कहाँ-कहाँ और कैसे-कैसे हो रहा है? यदि वह अपनी बात प्रमाण सहित कहता तो न सिर्फ भारत सरकार उस पर ध्यान देने को मजबूर होती बल्कि भारत में ऐसे कई संगठन और श्रेष्ठ व्यक्ति हैं, जो मानव अधिकारों के हर उल्लंघन के खिलाफ निडरतापूर्वक मोर्चा लेने को तैयार हैं। इस समय कश्मीर के लगभग सभी नजरबंद नेताओं को मुक्त कर दिया गया है। यह ठीक है कि उन्हें कई महिनों तक नजरबंद रहना पड़ा है, जो कि अच्छी बात नहीं है लेकिन कोई बताए कि उन्हें सुरक्षित रखना भी जरुरी था या नहीं? यदि धारा 370 और 35ए के खात्मे के बाद कश्मीर में उथल-पुथल मचती तो पता नहीं कितने लोग मरते और कितने घर बर्बाद होते। इन बड़े कश्मीरी नेताओं की नजरबंदी के कारण उनकी जान तो बची ही, सैकड़ों लोग हताहत होने से भी बच गए। हमें यही सोचना चाहिए कि उनकी जान बड़ी है या उनकी जुबान बड़ी है? इसके अलावा महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि पाकिस्तान अभी भी इस मर्ज से चूहे को क्यों घसीटे चला जा रहा है? उसे पता है कि वह हजार साल भी चिल्लाता रहे तो भी कश्मीर उसका हिस्सा नहीं बन सकता। कश्मीर-कश्मीर चिल्लाते-चिल्लाते उसने अपना कितना नुकसान कर लिया है। भारत के साथ उसने तीन बड़े युद्ध लड़े। उनमें वह हारा। उसने लगातार आतंकी भेजे। सारी दुनिया की बदनामी झेली। अपने आम आदमी की जिंदगी में सुधार करके वह भारत से आगे निकल जाता तो जिन्ना भी बहिश्त में खुश हो जाते लेकिन उसे पहले अमेरिका की गुलामी करनी पड़ी और अब चीन की करनी पड़ रही है। क्या जिन्ना ने पाकिस्तान इसीलिए बनवाया था? जरुरी यह है कि वह कश्मीर को आजादी दिलाने के पहले खुद आजाद होकर दिखाए। यदि वह अपने नागरिकों के मानव अधिकारों की रक्षा कर रहा होता तो वह इस्लामी जगत ही नहीं, सारी दुनिया का सितारा बन जाता लेकिन उसके हजारा, पठानों, सिंधुओं, बलूचों, हिंदुओं, सिखों और शियाओं की हालत क्या है? खुद प्रधानमंत्री इमरान खान और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी उस पर कई बार अफसोस जाहिर कर चुके हैं। पाकिस्तान की जनता और सरकार पहले खुद अपने मानवों के अधिकारों की रक्षा करके दिखाए, तब उन्हें भारत या किन्हीं देशों के बारे में बोलने का अधिकार अपने आप मिलेगा। जहाँ तक 'इस्लामी सहयोग संगठन' का सवाल है।

# रणवीर सिंह अभिनीत सर्कस के एक गाने में मीनाम्मा का किरदार निभाएंगी दीपिका पादुकोण



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इस साल अपनी फिल्म सर्कस में नजर आने वाले हैं। रोहित शेट्टी की इस फिल्म में रणवीर की पत्नी और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के दिखने भी खबरें सामने आई थीं। अब उनके किरदार के बारे में रोचक जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो दीपिका सर्कस के एक गाने में नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि वह इस गाने में मीनाम्मा का किरदार निभाएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, सर्कस के एक गाने में दीपिका मीनाम्मा की भूमिका में नजर आएंगी। इसी साल खबर आई थी कि फिल्म में दीपिका कैमियो की भूमिका में दिखने वाली हैं। सूत्र ने कहा, कहा जा रहा है कि दीपिका चेन्नई एक्सप्रेस (2013) में निभाए गए अपने मीनाम्मा के किरदार को फिर से निभाएंगी। फिल्म को रोहित ने ही निर्देशित किया था और यह दीपिका के करियर की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। सूत्र ने कहा कि आजकल दीपिका को यादगार कॉमिक रोल में देखना दुलर्भ है। सूत्र ने बताया कि मीनाम्मा एक ऐसा किरदार था, जिसे सभी ने पसंद किया था और सर्कस जैसी मजेदार फिल्म में दीपिका को इस कैरेक्टर में देखना दिलचस्प होगा। ट्रेड एक्सपर्ट का मानना है कि रणवीर और उनकी पत्नी दीपिका बॉलीवुड की सबसे हॉट जोड़ियों में से एक हैं। एक दृश्य या गाने में ही कपल को साथ देखने के लिए दर्शक उत्साहित होंगे। दीपिका और रणवीर पहले भी बाजीराव मस्तानी और गोलियों की रासलीला राम-लीला में साथ काम कर चुके हैं। सर्कस को रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले टी-सीरीज के सहयोग से निर्मित किया जा रहा है। खबरों की मानें तो यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर भी रिलीज होगी। रणवीर पहली बार फिल्म में डबल रोल में दिखेंगे। वरुण शर्मा भी डबल रोल में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म विलियम शेक्सपियर के नाटक द कॉमेडी ऑफ एरर्स का रूपांतरण होगा। फिल्म में दो जुड़वा मालिक और दो जुड़वा नौकरों की कहानी को दिखाया जाएगा, जो बचपन में एक दूसरे से बिछड़ जाते हैं। इसके बाद जब बड़े होकर आपस में मिलते हैं, तो उनकी केमिस्ट्री शानदार होती है। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस, पूजा हेगड़े, जॉनी लीवर जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आने वाले हैं।

## राजकुमार राव ने शुरू की तेलुगु फिल्म हिट की हिन्दी रीमेक की शूटिंग



राजकुमार राव ने फिल्म इंडस्ट्री में अपना अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अपने अभिनय और अंदाज से लाखों लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वह पिछले कुछ समय से तेलुगु फिल्म हिट की हिन्दी रीमेक को लेकर सुर्खियों में थे। अब इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि राजकुमार ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म में उनके साथ सान्या मल्होत्रा भी नजर आएंगी। राजकुमार ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की है। फिल्म समीक्षक ने इस संबंध में जानकारी साझा की है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर लिखा, राजकुमार और सान्या अभिनीत हिट की हिन्दी रीमेक का मुहूर्त शॉट आयोजित किया गया था। इस हिन्दी रीमेक का निर्देशन डॉ शैलेश कोलानु करेंगे, जिन्होंने इसकी ऑरिजनल फिल्म का भी निर्देशन किया था। साथ ही तरण ने अपने पोस्ट में एक तस्वीर भी शेयर की है। भूमि पेडनेकर के साथ अपनी फिल्म बधाई दो की शूटिंग खत्म करने के बाद राजकुमार ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू की है। सान्या फिल्म में राजकुमार के अपोजिट भूमिका में दिखने वाली हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए सान्या ने कहा था, मैंने फिल्म हिट देखी है और मुझे वास्तव में फिल्म का कॉन्सेप्ट पसंद आया है। जब मुझे इस फिल्म की पेशकश की गई, तो मैंने तुरंत इसके लिए अपनी हामी भर दी। तेलुगु फिल्म हिट 2020 में रिलीज हुई थी। इसमें विश्व सेन और रूहानी शर्मा को मुख्य भूमिका में देखा गया था। यह फिल्म एक पुलिस वाले के बारे में है, जो एक लापता महिला का पता लगाने में जुटा होता है। यह एक थ्रिलर एक्शन फिल्म है, जिसे आईएमडीबी की वेबसाइट पर 10 में से 7.7 रेटिंग्स मिले हैं। हिट की हिन्दी रीमेक को भूषण कुमार, दिल राजू, कृष्ण कुमार और कुलदीप राठौर प्रोड्यूस करने वाले हैं। राजकुमार के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। वह हंसल मेहता की फिल्म स्वागत है में अभिनय करते दिख सकते हैं।

# रुबीना दिलैक ने किया अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म का ऐलान



छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री रुबीना दिलैक पिछले काफी समय से अपनी पहली फिल्म अर्ध को लेकर चर्चा में हैं। उनकी इस फिल्म से जुड़ी अब तक तमाम जानकारियां सामने आ चुकी हैं, लेकिन खुद रुबीना ने अपनी डेब्यू फिल्म की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की थी। अब आखिरकार उन्होंने अर्ध का पहला पोस्टर शेयर कर अपनी इस फिल्म का ऐलान कर दिया है।रुबीना ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पहला पोस्टर शेयर कर लिखा, एक नई शुरुआत.. फिल्म के पोस्टर में रुबीना का चेहरा तो नजर नहीं आ रहा है, लेकिन ऐसा लगता है कि फिल्म में उनका किरदार जबरदस्त होने वाला है। रुबीना का अंदाज देखने लायक है। सितारों से लेकर लेकर प्रशंसक तक रुबीना को उनकी पहली फिल्म के लिए बधाई दे रहे हैं। रुबीना ने यह जानकारी भी दी कि उन्होंने अपनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस साल जुलाई में रुबीना की पहली फिल्म को लेकर ट्विटर पर जानकारी देते लिखा था, रुबीना दिलैक बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। संगीतकार पलाश मुच्छल ने फिल्म अर्ध से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। रुबीना ने फिल्म साइन कर ली है। उन्होंने लिखा, रुबीना दिलैक के साथ पलाश ने टीवी एक्टर हितेन तेजवानी को साइन किया है, वहीं, राजपाल यादव भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। रुबीना ने 2006 में मिस शिमला का ब्यूटी कॉन्टेस्ट और फिर 2008 में मिस नॉर्थ इंडिया का खिताब अपने नाम किया था। उसी साल रुबीना ने धारावाहिक छोटी बहू से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। फिर उन्हें कसम से और सात फेरे जैसे कई नामी धारावाहिकों में देखा गया। धारावाहिक शक्ति-अस्तित्व के अहसास की में किन्नर बहू बन रुबीना ने दर्शकों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वह आजकल इसी शो में नजर आ रही हैं। रुबीना रियलिटी शो बिग बॉस 14 में नजर आई थीं। इसमें दर्शकों ने रुबीना को दिल खोलकर प्यार दिया और टॉप ट्रेंड में बनाए रखा। जिसका नतीजा ये हुआ कि रुबीना शो की विजेता बनकर बाहर निकलीं।

# भयानक अवतार में दिखीं नुसरत भरूचा, जारी हुआ 'छोरी' का पहला मोशन पोस्टर



एमेजॉन प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी हॉरर मूवी 'छोरी' की भयानक झलक दिखाई है. विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज, क्रिप्ट टीवी और एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह एमेजॉन ओरिजिनल मूवी 'छोरी' एक सराहनीय मराठी फिल्म 'लपाछपी' की रीमेक है. इस फिल्म में नुसरत भरूचा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी. भारत और 240 देशों व क्षेत्रों में मौजूद प्राइम मेंबर आगामी नवंबर में इस बहु-प्रतीक्षित फिल्म को एमेजॉन प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से स्ट्रीम कर सकते हैं. ओटीटी प्लेटफॉर्म द्वारा ओरिजिनल हॉरर मूवी छोरी के अंदरूनी संसार की एक झलक दिखाने की कोशिश की गई है. यह फिल्म हैलोवीन जैसी भयानक भले ही न हो, लेकिन इसकी दिल दहला देने वाली पहली डरावनी झलक यकीनन रीढ़ में सिहरन पैदा कर देगी. जब पहली झलक ही आपको इतना खौफनाक अनुभव दे रही है, तो आप केवल सोच ही सकते हैं कि फिल्म दर्शकों के सामने कैसा गजब ढाने जा रही है. फिल्म की पहली झलक देखने के बाद एमेजॉन ओरिजिनल मूवी छोरी को देखने के लिए दर्शक बेताब हैं, जो आगामी नवंबर में दर्शकों को अभूतपूर्व ढंग से डराने के लिए तैयार है. हॉरर फिल्म के प्रेमी दर्शक एक रोमांचक सफर के लिए कमर कस चुके हैं और फिल्म के मेकर्स को यकीन है कि यह मोशन पोस्टर देखने के बाद आज की रात वे लाइट ऑन करके ही सोएंगे. फिल्म के इस मोशन पोस्टर को देखने के बाद दर्शक इसे देखने के लिए उत्साहित हैं. छोरी एक आगामी हॉरर फिल्म है, जिसे विशाल फुरिया ने निर्देशित किया है और फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार, कृष्णन कुमार, विक्रम मल्होत्रा, जैक डेविस और शिखा शर्मा हैं।

## मनी हीस्ट को मिस कर रही हैं अनन्या पांडे




बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे शो के प्रशंसकों के एक समूह के साथ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में मनी हीस्ट के पिछले सीजन के एक विशेष पूर्वावलोकन में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि वह इस शो को मिस करेगी क्योंकि यह शो का आखिरी सीजन है। मनी हाइस्ट की प्रशंसक होने के नाते अनन्या ने कहा, एक ऐसी सीरीज का जश्न मनाना बेहद रोमांचक है जिसकी मैं और बहुत सारे प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मनी हीस्ट नेटफ्लिक्स पर मेरे पसंदीदा शो में से एक है और मैं बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। यह दुख की बात है कि यह सीरीज का आखिरी सीजन है।उन्होंने आगे कहा, मैं शो और पात्रों को याद करूंगी, विशेष रूप से डेनवर, वह मेरा पसंदीदा है। जैमे लोरेंटे ने एक शानदार काम किया है - डेनवर की हंसी अविस्मरणीय है और वह एक बहादुर आदमी है जो अपने परिवार के लिए यह सब कुछ देगा ! अभी के लिए, मैं मनी हीस्ट के नए सीजन को देखने के लिए उत्सुक हूं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को अपने कब्जे में ले लिया और सभी के पसंदीदा गिरोह को ट्रीब्यूट दी। अपने खुलासे से सभी को आश्चर्यचकित करने के बाद, अनन्या, एक सुपर प्रशंसक की तरह, इस चक्कर में शामिल हो गई।

# अमायरा दस्तूर ने बिकिनी में शेयर की तस्वीरें तो भड़क गए यूजर्स



बॉलिवुड के साथ-साथ साउथ की फिल्मों में धमाल मचा रहीं ऐक्ट्रेस अमायरा दस्तूर इस वक्त अपनी बिकिनी वाली तस्वीरों को लेकर चर्चा बटोर रही हैं। अमायरा ने हाल ही बिकिनी में अपनी तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अमायरा दस्तूर हाल ही अपने गर्ल गैंग के साथ एक ट्रिप पर गई थीं और वहां से उन्होंने ब्लू कलर की प्रिंटेड बिकिनी में तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में अमायरा बेहद ग्लैमरस और हॉट लग रही हैं। अमायरा दस्तूर की इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर कुछ सोशल मीडिया हैंडल्स पर शेयर किया गया है। जहां फैन्स अमायरा की इन तस्वीरों की तारीफें कर रहे हैं तो वहीं कुछ यूजर्स इन्हें देख भड़क गए हैं और खूब आपत्तिजनक बातें बोल रहे हैं। अमायरा दस्तूर इस वक्त तमिल फिल्म 'बघीरा' की शूटिंग कर रही हैं। फिल्म में उनके ऑपोजिट ऐक्टर प्रभुदेवा हैं। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज होगी। अमायरा दस्तूर ने 8 साल के करियर में 11-12 फिल्में और कुछ वेब सीरीज में काम किया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने यह दावा कर चौंका दिया था कि बॉलिवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री में उन्होंने भी हैरेसमेंट झेला है। लेकिन वह तब तक किसी पर उंगली नहीं उठाएंगी, जब तक कि उन्हें यह न लगे कि वह सेफ नहीं हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा था कि उन्होंने किसी कभी कास्टिंग काउच का सामना नहीं किया।

# कैचअप का अति सेवन करना हो सकता है आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक, जानिए इसके कुछ दुष्परिणाम



टोमेटो कैचअप सामने आते ही मुंह से पानी निकलने लगता है और अधिकांश लोगों को हर चीज के साथ टोमेटो कैचअप खाने की आदत होती है। कैचअप खाने की आदत सिर्फ बच्चों में ही नहीं बल्कि हर उम्र के लोग में होती है। ब्रेड पकोड़ा, मैगी, पिज्जा हो या बर्गर, पास्ता, सभी के साथ इन्हें कैचअप खाने की आदत है। लेकिन आपको यह जानना चाहिए कि किसी भी चीज को जरूरत से ज्यादा खाने से इसका खामियाजा आपकी सेहत को भुगतना पड़ता है। कैचअप आपके सेहत के लिए नुकसानदेह है। संशोधन के मुताबिक, कैचअप में न तो प्रोटीन होता है, न ही फाइबर। इसके बजाय स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थ ज्यादा होते हैं। कैचअप में शुगर, नमक, कई तरह के मसाले और फ्रुक्टोज कॉर्न सिरप का इस्तेमाल किया जाता है जो हेल्थ के लिए बहुत नुकसानदायक है। इसके कई साइड इफेक्ट हैं-

### ज्यादा प्रमाण में कैचअप खाने के साइड इफेक्ट

1. **मोटापा:** कैचअप में ज्यादा फ्रुक्टोज होता है इसलिए यह मोटापा को बढ़ाता है और इंसुलिन की मात्रा को भी कम करता है।

2. **पोषक तत्वों का अभाव:** टमाटर में ज्यादा पोषक तत्व नहीं पाए जाते है। इसमें प्रोटीन और फाइबर भी नहीं होता इसलिए ज्यादा कैचअप हेल्थ के लिए नुकसानदेह है।

3. **एसिडिटी -** कैचअप एसिडिक नेचर का होता है। इसलिए यह एसिडिटी और हार्टबर्न की समस्याएं पैदा कर देता है। यह डाइजेस्टिव सिस्टम को भी खराब करता है।

4. **किडनी प्रॉब्लम -** ज्यादा कैचअप खाने से पेशाब में कैल्शियम की मात्रा बढ़ जाती है। इससे किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है।

5. **एलर्जी -** कैचअप में हिस्टामाइन्स केमिकल की मात्रा ज्यादा होती है। हिस्टामाइन्स कई लोगों में एलर्जी की समस्या पैदा कर सकता है। इसलिए इससे एलर्जिक रिएक्शन जैसे छींक आने और सांस लेने समस्या हो सकती है।

6. **जोड़ों में दर्द:** किसी भी तरह के प्रोसेस्ड और पहले से तैयार फूड में सूजन पैदा करने की क्षमता होती है जो जोड़ों के दर्द को बढ़ा सकती है।

7. हार्ट की बीमारी - टमाटर में ज्यादा फ्रुक्टोज होता है जो ट्राइग्लिसराइड नाम का केमिकल बनाता है। यह केमिकल हार्ट के लिए प्रॉब्लम की समस्या उत्पन्न करता है।

## महिलाएं वैक्सिंग, मैनीक्योर और पेडीक्योर करते वक़्त इन बातों का रखें ध्यान



आज कल के ज़माने में महिलाएं और युवतियां खूबसूरत दिखने के लिए फैशनेबल आउटफिट के साथ साथ वैक्सिंग, मैनीक्योर और पेडीक्योर करवाती हैं। हाथ पैरो को कोमल बनाने के लिए महिला वर्ग हर महीने पार्लर जाती हैं। कई बार छोटी गलती की वजह से स्किन पर इसका बुरा प्रभाव देखने को मिलता है। इसलिए चलिए जानते हैं वैक्सिंग, मैनीक्योर और पेडीक्योर करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

1. वैक्सिंग तभी करना चाहिए जब बालों की ग्रोथ आधा इंच से ज्यादा हो। छोटे बालों में वैक्स नहीं करवानी चाहिए। जल्दी जल्दी वैक्स नहीं करवानी चाहिए। महीने में एक बार वैक्स करवानी चाहिए।

2. वैक्सिंग करवाते से पहले और बाद में लोशन नहीं लगाना चाहिए। वैक्सिंग प्रोडक्ट का यूज अपनी स्किन टाइप के अनुसार करें।

3. पेडीक्योर करवाने के बाद अगर आपको दर्द या जलन होती है तो आप गर्म टॉवल का मदद से आराम पहुंचा सकते हैं। गर्म तौलिए को थोड़ी देर तक पैरों पर लपेट लें। इससे आपको आराम मिलेगा।

4. नाखून पर नेल पॉलिश लगाने से सबसे पहले अपने नाखूनों को साफ करें। नेल पॉलिश रिमूवर का इस्तेमाल कर नेल्स अच्छे से साफ कर लें। इससे आपकी नेल पॉलिश अच्छे से लग जाएंगी।

5. वैक्स हमेशा गर्म करके लगाई जाती हैं। ज्यादा गर्म करने से वैक्स जल जाती है जिससे स्किन जलने का डर बना रहता हैं। ऐसे में वैक्स को ज्यादा गर्म न करें। वैक्सिंग करने के बाद एंटीसेप्टिक क्रीम जरूर लगाएं। अगर आपकी स्किन पतली है तो आप ज्यादा ऑयली क्रीम ना लगाएं।

# मध्यप्रदेश में स्व सहायता समूह की महिलाएं चलाएंगी राशन दुकानें, सीएम ने किया ऐलान

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**
**भोपाल**

मध्य प्रदेश में स्व सहायता समूह की महिलाएं अब राशन दुकान भी चलाएंगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिला स्व सहायता समूह उन्मुखीकरण एवं संवाद कार्यक्रम में की। मुख्यमंत्री निवास में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, मंत्री रामखेलावन पटेल कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से स्व सहायता समूह वर्चुअल जुड़े थे।




इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाओं के संघर्ष की कहानी हिम्मत हौसले से भर्ती हैं। मध्यप्रदेश में हर कार्यक्रम बेटियों की पूजा से शुरू होता है। बहनों की ज़िंदगी बदलने में कैसे सहयोग कर सकूं कैसे नारी, महिला सशक्त हो, इसके लिए आपका भाई काम कर रहा है। समाज में कुछ नरपिशाच ज़िंदा है जो गलत नज़रों से देखते हैं, और गलत काम करते हैं। मध्यप्रदेश पहला राज्य जहां कानून बना, अगर किसी ने गलत काम किया तो सीधा फांसी के फंदे पर चढ़ाया जाएगा बाद में पूरे देश में बना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण ज़रूरी है। अपने पैरों में बहनों को खड़ा करना है। आर्थिक सशक्तिकरण जिससे आजीविका चले, सामाजिक सशक्तिकरण जिससे घर परिवार में इज़्ज़त हो। राजनीतिक सशक्तिकरण जिससे बहनें बड़े पदों पर पहुंचे। 50 प्रतिशत रिज़र्वेशन बहनों को दिया। कई बहनें सरपंच, मेयर, विधायक बनीं। जितनी भंजिया मेरी हैं दुनिया में किसी की नहीं।लाडली योजना जिससे स्कूल जाएं, हर एग्जाम में टॉप कर रहीं है बेटियां, भारत को बेटों से ज़्यादा बेटियों ने मेडल दिलाएं हैं, लगातार बेटियां धूम मचा रहीं हैं। आजीविका मिशन बहनों के सशक्तिकरण के लिए सबसे बड़ा उदाहरण बना है। इस काम को और तेज़ी से आगे बढ़ाना है। 37 लाख बहनें जुड़ीं हैं, 3 लाख समूह है, जो बहनें रह गई हैं उनको भी इस अभियान से जोड़ना है।

चौहान ने कहा कि मैं कोरोना में मुख्यमंत्री बना परेशान था, दवा नहीं थी कोई, मास्क की ज़रूरत पड़ी। मास्क कहां से लाएं, बाजार में नहीं थे। लेकिन स्व सहायता समूह की बहनों ने मास्क, पीपीईकिट, साबुन बनाने का काम किया। इस वर्ष 2550 करोड़ रु इस वर्ष दिए जाएंगे स्वसहायता समूहों को मजबूत बनाने के लिए। इन समूहों को केवल 4 फिसदी ब्याज देना होगा, बाकी सरकार देगी। प्रदेश में स्व सहायता समूह और आजीविका मिशन से बड़ा कोई ब्रांड नहीं हो सकता। इस दौरान सीएम शिवराज ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि राशन की दुकानें भी स्व सहायता समूह की महिलाएं चलाएंगी।

## वन-टू-वन

### ग्राहक पंचायत ग्वालियर का सदस्यता पखवाड़ा प्रारंभ





**विवेक चौहान रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ग्वालियर द्वारा नवीन लोगों को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की सदस्यता दिलाई गई सदस्यता ग्रहण करने वाले व्यक्तियों ने ग्राहक पंचायत के कार्यों से प्रेरित होकर सदस्यता ग्रहण की कोई भी व्यक्ति जो शोषण मुक्त समाज की स्थापना करना चाहता है वह ग्राहक पंचायत की सदस्यता ग्रहण कर सकता है इस दौरान प्रांत महिला प्रमुख जिला अध्यक्ष श्रीमती आशा सिंह, ग्वालियर जिला सचिव श्री लोकेंद्र मिश्रा, जिला कार्यसमिति सदस्य श्री प्रताप नारायण प्रजापति ,जिला कार्यसमिति सदस्य श्रीमती नीलम जगदीश गुप्ता, लश्कर इकाई संयोजिका श्रीमती सुधा बेस, गुड़ा गुड़ी नाका संयोजिका श्रीमती किरण भदौरिया, श्रीमती आशा मगोन दीदी, श्रीमती गिरिजा गर्ग दीदी, लश्कर इकाई अध्यक्ष कीरत सिंह राणा, लश्कर इकाई सचिव सचिन गौतम, सुरजीत राजावत ,विवेक चौहान आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### जिगना थाना पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च डोल ग्यारस के 1 दिन पहले निकाला गया फ्लैग मार्च जिगना थाना क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर नजर अपराध नहीं पनपने देंगे थाना प्रभारी सोबरन सिंह तोमर



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** भरी बरसात में जिगना पुलिस ने निभाई अपनी भूमिका निकाला फ्लैग मार्च जिगना थाना प्रभारी सोबरन सिंह तोमर ने अपने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति बनी रहे उसको देखते हुए निकाला गया फ्लैग मार्च और जिगना थाना प्रभारी ने कहा कि दतिया पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर जी द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की धरपकड़ और वारंटी यों की धरपकड़ हेतु अभियान के तहत निकाला गया फ्लैग मार्च और थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शांति भंग ना हो उस को देखते हुए जिगना पुलिस हमेशा सतर्क रहेगी और किसी भी प्रकार का अपराध नहीं पनपने देंगे।

### रूपावास से रामदेव रा भगानाडा पेदल यात्रा संघ दर्शन के लिए गया



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पाली।** निकटवर्ती रूपावास महादेव मंदिर प्रांगण से रामदेव रा भगानाडा भावरी मन्दिर के लिए सहमाज सेवी हरिभाई पटेल रूपावास के द्वारा पेदल यात्रा संघ बाबा की ध्वजा हाथ मे देकर रवाना कर डीजे की धुन व डोल नगाड़ा गाजे बाजे के साथ पुरूषों भजन कीर्तन व जयकारे लगाकर व महिलाओं ने मंगलम गीत गाते हुए नेतृत्व के साथ धूम धाम से बाबा रामदेव जी मन्दिर से पहुँच कर शीश नमन दर्शन कर महंत मन मोहन दास जी महाराज के सानिध्य व भगत जनो के नेतृत्व में ध्वजा चढ़ाई तथा भगत जनो बढ चढ कर प्रसादी का लाभ लिया गया इस मौके पर भाजपा ओ बी सी महिला मोर्चा सदस्य नाजू देवी ऑजणा पुखराज मालवी दिपाराम नारायण सुथार चोथा राम सावल राम पुना राम ओमा राम देवेन्द्र पटेल नरसिंगराम पटेल तुलसा राम मोहन लाल भाटी मुकेश पुरी जीतू जोशी रमेश बंजारा दिपक परमार जाला राम पटेल सुरेश सहित कई भगत जन मौजूद रहे।

### भाजपा संगठन जिला प्रभारी मदन राठौड़ का किया स्वागत

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

रानी पाली बालराई गांव मे पूर्व उप मुख्य सचेतक एवं पूर्व

सुमेरपुर विधायक व सिरोही भाजपा संगठन जिला प्रभारी मदन राठौड द्वारा हाल ही में हुए पंचायत राज चुनाव में सिरोही में भाजपा का जिला प्रमुख व प्रधान बनाकर पूरे



जिले में भाजपा का परचम लहराया। वही पूरे जिले में बीजेपी को जीत दिलाने पर पूर्व विधायक राठौड़ का साफा एव माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मोहनसिंह बालराई, गंगासिंह महेचा खूनी गुड़ा, प्रकाशचंद मेघवाल खूनी गुड़ा, घेवरचंद घांची खुनीगुड़ा आदि मौजूद रहे।

## यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में पिछोर बीजेपी मंडल द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया

**राकेश परिहार रिपोर्टर**
**पुष्पांजली टुडे**
**9691338626**

पिछोर, आज यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष में पिछोर बीजेपी मंडल द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें बीजेपी कार्यकर्ताओं ने साफ सफाई करते हुए स्वच्छ भारत अभियान के तहत लोगों के लिए जागरूक किया गया और प्रेरित भी किया गया जिसमें लोगों के लिए साफ सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया और कहा कि हम सभी लोगों का दायित्व है कि गंदगी को दूर भगाना है एक स्वच्छ भारत का निर्माण कराना है जिससे देश में गंदगी नहीं रहे और गंदगी से ही हजारों बीमारियां उत्पन्न होती हैं इसलिए हम सभी का दायित्व यह है की साफ सफाई अवश्य रखें और लोगों के लिए भी साफ सफाई करने के लिए प्रेरित करें जिससे देश में माननीय प्रधानमंत्री जी के चलाए हुए अभियान पर हम सभी चलें और आगे बढ़े जिससे एक नया भारत स्वच्छ भारत



निर्माण हम सभी कर सकें बीजेपी मंडल द्वारा लोगों से अपील की गई कि अगर हम सफाई अच्छी तरीके से अपने घर आंगन गली मोहल्ला शहर गांव कस्बा में रखेंगे तो समझो हम बीमारियों पर भी विजय पाएंगे क्योंकि गंदगी से ही बीमारियां उत्पन्न होती हैं अगर हम सभी लोग अपने आसपास गंदगी को खड्डा नहीं होने देंगे तो समझो कि हम बीमारियों से भी दूर रहेंगे आज मंडल द्वारा साफ सफाई की गई जिसमें लोगों के लिए भी प्रेरित किया गया बीजेपी मंडल द्वारा जिसमें कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और साफ सफाई कर लोगों के लिए भी जागरूक किया गया स्वच्छ भारत अभियान के तहत बीजेपी मंडल द्वारा चलाया गया अभियान जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे श्री किशोर सोनी जी श्री सुनील लोधी जी श्री रंजीत राहोरा जी एवं बीजेपी कार्यालय मंत्री श्री पंकज वर्मा जी इन लोगों के लिए साफ सफाई स्वच्छता भारत अभियान के तहत विशेष रुप से लोगों के लिए जागरूक किया गया जिसमें बीजेपी कार्यकर्ताओं के अलावा कई वरिष्ठ नेता गण भी भारत अभियान के तहत अन्य सभी कार्यकर्ता अभियान में उपस्थित रहे.।

## अम्बाह जैन युवा क्लव एवं सोनू मित्र मंडल सिहोनियाँ की नवीन कार्यकारणी का गठन



**केशब प्रसाद शर्मा ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह । सम्माननीय बन्धुओ बड़े ही हर्ष के साथ आपको अवगत कराया जाता है कि आज दिनांक 13 सितंबर 2021 को जैन युवा क्लव एवं सोनू मित्र मंडल सिहोनियाँ की आम बैठक में सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारणी का गठन हुआ जिसमें अध्यक्ष श्री संजय जी जैन ÷भंडारी÷ (इन्वर्टर वाले) अम्बाह उपाध्यक्ष श्री अनिल जी जैन ÷छोटू÷ (बरेह वाले)उपाध्यक्ष श्री रोमिल जी जैन (तेल मिल वाले) अम्बाह महामंत्री श्री मुकेश जी जैन ÷बड़ी÷(अगरबत्ती वाले)अम्बाह उपमंत्री श्री सीटू जी जैन, क्लॉथ स्टोर अम्बाह कोषाध्यक्ष श्री उमेश जी जैन ÷लाला÷ (चाँद का पुरा वाले) अम्बाह नव निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाओ सहित बहुत बहुत बधाई भगवान शांतिनाथ जी मंगल कामना है कि आप सभी के निर्देशन में मित्र मंडल अतिशय क्षेत्र सिहोनियाँ में विकास कार्यो के साथ धार्मिक एवं समाज सेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइया हासिल करे।



### महाअभियान में लगवाया कोरोना का टीका इनाम में मिला टच मोबाइल


**बृजपाल सिंह गुर्जर**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव, कोरोना टीकाकरण के लक्ष्य को पूरा करने हेतु जिले भर में कोरोना टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है। तहसीलदार मेहगांव श्री आर.एन. खरे द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि सम्पूर्ण जिले के साथ साथ मेहगांव विकासखंड में भी दिनांक 16, 17 और 18 सितंबर को टीकाकरण महाभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान के दौरान कोरोना का पहला या दूसरा टीका लगवाने वाले हितग्राहियों को इनाम स्वरूप आकर्षक उपहार भी दिए जा रहे हैं।

## अस्पताल में ऑपरेशन के बाद कॉटन पेट में छोड़ी,आंतें तक सड़ गई,काट कर निकालना पड़ा,फोरम ने लगाया 4 लाख 70 का हर्जाना

**सुरजीत सिंह राजावत**
**पुष्पांजली टुडे)**
**ग्वालियर**

ग्वालियर उपभोक्ता फोरम ने ऑपरेशन के दौरान पेट में कॉटन छोड़ने के मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। फोरम ने अस्पताल पर पर 4 लाख 70 हजार का हर्जाना लगाया है। फोरम ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि टिप्पणी करते हुए कहा कि पेट में काटन छोड़ना, चिकित्सकीय सेवा में एक बड़ी लापरवाही है। इस लापरवाही से पीड़ित ने मानसिक व शारीरिक कष्ट उठाया है, उसके बदले में क्षतिपूर्ति दिलाया जाना उचित है।



दरअसल भिंड जिले के कटघरा निवासी ममता शर्मा ने ग्वालियर में 19 अगस्त 2017 को मानसरोवर केयर हास्पिटल मल्टीस्पेशलिटी एवं रिसर्च सेंटर में पेट में दर्द और अत्यधिक रक्तस्राव की शिकायत होने पर डॉक्टर विशाल यादव को दिखाया था। डाक्टर ने रोगी को बच्चेदानी के आपरेशन की सलाह दी। 22 अगस्त 2017 को उन्हें आपरेशन के लिए भर्ती कराया गया था। बच्चेदानी का आपरेशन करते समय खून सोखने के लिए उपयोग में लाया गया सर्जिकल कॉटन रोगी के पेट में ही छोड़ दिया और टांके लगा दिए। इस गंभीर लापरवाही के चलते ऑपरेशन के बाद जब मरीज का स्वास्थ्य खराब हुआ तो उसे शहर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां 10 दिन तक ममता का इलाज हुआ था। वहाँ से छुट्टी होने के बाद भी ममता के पेट में दर्द की शिकायत रहती थी।

7 से 8 महीने बाद ममता के पेट की आंते गल गई। उसे उल्टियां और पेट में तेज दर्द होने लगा। इसके लिए ममता को जेएएच में 26 अप्रैल 2018 को सर्जरी के लिए भर्ती कराया। जेएएच के डॉक्टरों ने पेट में छोड़े गए काटन को निकाला। आंत को काटकर फिर से जोड़ गया। मामले में पीड़ित पक्ष ने उपभोक्ता फोरम का दरवाजा खटखटाया था। पीड़ित पक्ष ने 40 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति का दावा किया था। फोरम ने डाक्टरों की लापरवाही मानते हुए 4 लाख 70 हजार रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में दिए जाने का आदेश दिया है। फोरम ने अस्पताल को यह राशि 15 दिन में अदा करने का आदेश दिया है।

## क्लीन ग्रीन टीम अम्बाह का सम्पन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**केशव प्रसाद शर्मा ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह । अम्बाह में निरन्तर 6 बर्ष से कार्य कर रही क्लीन ग्रीन टीम का पुनः गठन किया गया जिसका शपथ समारोह गुरुबार को सम्पन्न हुआ। समारोह में विशिष्ठ अतिथि चम्बल यशगान यात्रा के सयोंजक बरिष्ठ समाजसेवी नीलेश शर्मा जी,मुख्य अतिथि जय अम्बे माँ कंट्रक्शन के डारेक्टर बरिष्ठ समाजसेवी डॉ रवि शर्मा जी ने भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की एव टीम के सदस्यों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत गीत की पँक्ति गाकर की गयी एव समस्त टीम सदस्यों को शपथ दिलबायी गयी।समाजसेवी नीलेश शर्मा जी ने अपने वक्तव्य में टीम के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि क्लीन ग्रीन टीम के द्वारा बहुत से




सराहनीय कार्य किये गए हे।जिसमे से पक्षियों के लिए सकोरे लगाना,यह कार्यक्रम जन जन तक पहुचाकर एक मिसाल इस टीम के सदस्यों ने अपने नगर एव आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो में पेश की। टीम के गठन में सभी दवित्वबान सदस्यों में टीम के नियंत्रक ब्रजेश कुमार,सयोंजक ब्रजकिशोर कुशवाह,सहसयोंजक आदित्य सारवान,सचिव शेखर माथुर,सहसचिव प्रदीप कौशल,टीम प्रवक्ता पवन शर्मा,मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा,अम्बाह प्रभारी चन्द्रकान्त शर्मा,सह प्रभारी रवि शुक्ला,ग्रामीण प्रभारी दयाल सिंह गुर्जर,सह ग्रामीण प्रभारी देवउत्तम उपाध्याय,बरिष्ठ सदस्य राजेश वर्मा,कोषाध्यक्ष आशीष वर्मा,सहकोषाध्यक्ष अखिलेश प्रजापति,मठ मंदिर प्रभारी दुर्गेश शर्मा,कॉलेज प्रभारी मलखान सिंह तोमर, सह कॉलेज प्रभारी धर्मेंद्र सिंह राठौर, बस्ती प्रभारी हिमांशु राजौरिया, एव नवीन सदस्य के रूप में रवि ज्महोरिया,सिंहहरि राजपूत,शिवम तोमर,सुरजीत प्रजापति,अनूप सिलाबट, ने नवीन सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की।कार्यक्रम की अंतिम बेला में बरिष्ठ समाजसेवी रवि शर्मा जी ने अपने वक्तव्य में टीम के सभी नवीन सदस्यों का आभार ब्यक्त किया।

### प्रदेश में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिये की जा रही है अभिनव पहल- गृह मंत्री डॉ. मिश्राफ़

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9826576206**

**(मंत्री डॉ. मिश्रा ने महिलाओं को ऑटो-रिक्शा किये वितरित)**

**इंदौर ।** ज़िले के प्रभारी एवं गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण की अनेक सफल योजनाएं चला रही है। परिवहन विभाग



द्वारा महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और सशक्त करने की दिशा में एक क़दम है। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने आज इंदौर में आईटीआई परिसर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये आयोजित वाहन चलाने के निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। महिलाओं को लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) चलाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉ. मिश्रा ने प्रशिक्षित वाहन चालक महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

# शून्य से शिखर तक आये श्रद्धेय श्री नरेंद्र मोदी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित।

**(÷17 सितंबर राष्ट्र के लिए नवचेतना का दिन÷)**

**भीष्म भदौरिया ओर सुभाष थापक पत्रकार की कलम से**

आजकल चौतरफा बहुत ही जोर जोर से दीपावली जैसे वातावरण का शोर मचा हुआ हैं। जिसकी धुन से सारे लोग शांत और मधुमय में डूबे हुए धीरे धीरे बहने का प्रयास कर रहे है। जिस धारा की चल चल कर करती आवाज, संपूर्ण राष्ट्र को यह संदेश दे रही है कि एक बार पुनः भारत देश में रामराज्य की स्थापना की शुरुआत हो गई है। चारों ओर सजावट, चिड़ियों का अपनी मधुर आवाज में संगीत सुनाना ऐसा प्रतीत होता है कि भगवान रामचंद्र 14 वर्ष के बाद पुनः17 सितंबर को घर वापस आ रहे। ऐसा ही आज सभी भारतवासी माननीय श्री नरेंद्र मोदी के अवतरण दिवस पर महसूस कर रहे हैं। इस प्रकाश ने यह निश्चित रूप से साबित कर दिया है। अगर आप शून्य पर भी खड़े हो, लेकिन आपके विचारों में सार्थकता, धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्र भावना, देश हित के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ ना कुछ करने का प्रयास तो निश्चित रूप से आपको एक दिन संपूर्ण सृष्टि तह दिल से आपके सामने नतमस्तक हो जाएगी। यह सूर्यवीर कोई अन्य नहीं है। सभी के लाडले, माँ भारती के सच्चे सपूत,गली गली में गूंजने वाला एकमात्र नाम, राष्ट्र को विकास की राह दिखाने वाले, श्री यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी है। माननीय ने यह सिद्ध करके बता दिया है। जीवन में जरूरी नहीं है कि आपके पास व्यवस्थित साधन हो किन्तु एक दृढ़ निश्चय सोच अवश्य हो। इसके द्वारा आप दुर्लभ से दुर्लभ रास्तों को भी चीरकर मार्ग निर्मित कर सकते है। आपने राष्ट्र हित में घर परिवार पत्नी सब का त्याग कर सत्य की खोज में हिमालय तप के लिये निकल गये। उनको ऋषि मुनियों का आशिर्वाद ओर सानिध्य प्राप्त हुआ। जिससे उनका आत्मबल समाज और राष्ट्रसेवा के लिये ओर मजबूत हुआ। श्रद्धेय ने मानव




जाति को एक संदेश के रूप में स्वय खड़े होकर बताया है। जब कोई धर्मनिरपेक्ष हित में कार्य करने के लिए सृष्टि को समर्पित कर देता है, तो उसके उपरांत जगत का कण-कण उसके लिए एक अनमोल उड़न खटोला बनकर प्रत्येक रास्ते पर फूल बरसाने के लिए तैयार हो जाता हैं। भारत देश की तपोभूमि अपने आंचल में कैसे-कैसे वीरों को समेटे हुए। जिनका उद्गम, वह जब जब इस राष्ट्र पर विपत्ति अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंच जाती है, तो उसके उद्धार के लिए वह मानव आकृति रूप में देव पुरुष को नरसंहार के लिए पहुंचाती है। जिस प्रकार से एक व्यक्ति की सहनशीलता का होती है। उसी तरह बसुधा की भी अपनी एक सीमा है। उसके बाद सकारात्मक श्रजन की शुरुआत हो जाती है। इस राष्ट्र के नागरिक भी बड़े धन्य है। उन्हें शताब्दी के शुरुआत में समय-समय पर देव तुल्य मनुष्य के दर्शन होते रहे। 21वीं सदी की शुरुआत में ही अद्वितीय एवं अतुलनीय देव पुरुष का जन्म मानव उद्धार के लिए भारत में हो गया। उन्हें सभी श्री नरेंद्र मोदी जी के नाम से संबोधित कर रहे हैं।

आओ मिलकर एक सुनहरा एवं जगमगाता हुआ अनंत रोशनी से निर्मित एक राष्ट्र बनाएं। जो अपनी मिसाल विश्व पटल पर कायम कर सकें। जिसका कोई तोड़ जगत मे न हो,एक ही नाम हो,मानवता के लिए संदेश हो,उस राष्ट्र का नाम भारत देश हो।लम्बे समय की तपस्या के पश्चात, जिसका सपना हजारों वर्ष पहले सुभाष चंद्र बोस, रविंद्र नाथ टैगोर, महात्मा गांधी, लाला लाजपत राय, सरोजिनी नायडू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह एवं स्वतंत्रता के लिए शहीद हुए नौजवानों ने देखा था। आज अपनी मधुमय संगीत के साथ प्रकृति को सजोनो जा रहा है। आओ उस व्यक्ति के साथ क्रमबद्ध तरीके से एक लंबी जंजीर बनाकर राष्ट्र के नाम समर्पित कर दें। जिसे तोड़ने का कोई दुस्साहस न कर सके। देश के राष्ट्राध्यक्ष यशस्वी श्री नरेंद्र मोदी जी, जिन्होंने राष्ट्र के उद्धार के लिए मानव योनि में आकर राष्ट्र को संगठित करने की ठानी है। ऐसे देव तुल्य इंसान को किसी पार्टी विशेष का कार्यकर्ता ना समझ कर बरसो की गई तपस्या का अनमोल फल समझे ज्यादा उचित होगा और राष्ट्र पर शहीद हुए हजारों जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

भगवान श्री कृष्ण ने गीता में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है।जब जब इस धरातल पर पाप की बढ़ोतरी होगी, तब तब मैं स्वयं मनुष्य रूप में अवतरित होकर, इनका नरसंहार करूंगा और मानव जाति को एक ऐसी छांव प्रधान करूंगा जो शीतलता से भरी हो, जिस के आगोश में नदियों की मीठा जल बहकर संपूर्ण राज्य में या राष्ट्र में एक ही गीत का उद्गम करें कि भारत देश हर क्षेत्र में उन्नति के शिखर पर पहुंचे। ऐसा ही 21वीं सदी में दिखाई दे रहा है। जिस तरीके से भारत देश में अनेक समस्याओं ने चारों ओर से घेर लिया है। उसके अंधकारमय वातावरण को हटाने के लिए,एक बार पुनः देव पुरुष के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी का उद्गम हो गया है। जोकि क्रमशः 370, 35 ए, राम मंदिर, समस्या लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बनाना। देशवासियों के लिए अन्य लाभांवित योजनाऐ- उज्जवल योजना, दीनदयाल ज्योति ग्राम योजना, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शौचालय निर्माण, स्वच्छता अभियान, 1 दिन में 30 किमी हाईवे बनना, स्टार्टअप योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, जिसे श्रद्धेय ने कुछ ही अल्प समय में ही सकारात्मक रूप दिया। जिसका लाभ आज हर गरीव परिवार को मिल रहा है। उसके लिये मोदी किसी देवतुल्य से कम नही है।

## वन-टू-वन

### शहीद भगत सिंह राष्ट्रीय सम्मान से नवाजे गए मैसूरू के देवेंद्र परिहारिया



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरू-** रक्तदान और अन्य मानवीय सेवाओं के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र परिहारिया को गया में शहीद भगत सिंह राष्ट्रीय सम्मान दिया गया। यह सम्मान शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड, भारत द्वारा बिहार के गया में स्थित मोर्यांश प्रीमियर होटल सभागार में गया के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार व जिला आयुक्त सावंत कुमार द्वारा प्रदान किया गया। रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट के सदस्यों ने इस सम्मान को संस्था के लिए गौरवपूर्ण बताया। अध्यक्ष देवेंद्र और पूरी टीम द्वारा पिछले 4 वर्षों से किए जा रहे सेवा कार्य को देखते हुए उन्हें इस सम्मान के लिए नियुक्त किया गया। मालूम हो कि इस समारोह में देश के सभी राज्यों व नेपाल और मॉरिशस से संस्थाओ के नेतृत्वकर्ता पहुंचें। इससे पहले भी संस्था को कई राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। ट्रस्ट के सचिव विकास राठौड़ ने बताया कि टीम के इतने वर्षो की मेहनत और सच्ची सेवा का ही नतीजा है कि आज संस्था को कई पुरस्कार प्राप्त हो रहे हैं। देवेन्द्र ने इस सम्मान का श्रेय पूरे रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट परिवार और रक्तदाताओं को दिया है।

### भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन ऐतिहासिक तौर पर मनाया जाएगा



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पाली। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्म दिवस पर देशभर में सेवा व समर्पण सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। ।इसी के तहत पाली जिले में जिला अध्यक्ष मशाराम परमार के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक सेवा व समर्पण अभियान के रूप में मनाया जाएगा किया अभियान जिला समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रजापत छात्रावास में आयोजित की गई ।जिसमें सेवा सप्ताह के जिला संयोजक नंदकिशोर भाटी जिला महामंत्री मोहन जाट जिला महामंत्री सुनील भंडारी जिला प्रवक्ता तिलोक राम चौधरी जिला उपाध्यक्ष नारायण कुमावत निशांत दवे उमेद सिंह डंडा दिग्विजय सिंह सरदार समंद मुकेश नाबरिया आशीष तिवारी कार्तिक राजपुरोहित ताराचंद चौधरी सहित उपस्थित रहे सेवा पकवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक सेवा संकल्प के कार्यक्रम किए जाएंगे। गौशालाओं के लिए गायों को गुड़ खिलाना वर्धा आश्रम मंदबुद्धि आश्रम कुष्ठ रोगी आश्रम तथा सेवा बस्तियों में जाकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का नाम विदेशों में रोशन किया तथा उनका परिवार 135 करोड़ देशवासियों का है तथा उनका जन्मदिन भी आमजन में जाकर सेवा कार्य करके मनाया जाएगा ।पार्टी का कार्यकर्ता बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर पर तथा जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।जिनमें नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आम जन तक पहुंचाने तथा ब्लड बैंक का आयोजन करने सेवा बस्तियों में जाकर सेवा करने गायों की सेवा करने तथा विभिन्न सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । मास्क वितरण फल वितरण तथा विभिन्न प्रतियोगिता करवा भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाएगी।

# संभाग आयुक्त एवं डीआईजी चंबल ने बीट स्तरीय समाधान केंद्र कार्यशाला में अधिकारियों को दिए विभिन्न निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड(ब्यूरो)।ग्वालियर-चंबल संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना एवं डीआईजी चंबल सचिन अतुलकर की अध्यक्षता में बीट स्तरीय समाधान केंद्र कार्यशाला मालनपुर स्थित रेजेंसी रिजॉर्ट्स में आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा सहित अन्य अधिकारी, बीट प्रभारी, समस्त कोटवार उपस्थित रहे।



ग्वालियर चंबल संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना ने बैठक में कहा है कि ग्रामीण स्तर पर कानून व्यवस्था बनी रहे। ग्रामीणों के छोटे-मोटे झगड़े वहीं निपटें, उन्हें जिला स्तर पर अपने झगड़े शिकायतों को लेकर नहीं आना पड़े। इसके लिये बीट सिस्टम का पाइलट प्रोजेक्ट ग्वालियर एवं चंबल संभाग में लागू किया जा रहा है। इस सिस्टम के तहत बीट स्तर पर मुख्यालय बनाकर प्रत्येक सोमवार को सुबह 9 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक वहां का मैदानी अमला पटवारी, राजस्व निरीक्षक, कोटवार सहित अन्य विभागों का मैदानी अमला मौजूद रहकर वहां के लोगों की लोकल स्तर पर समस्याओं का निपटारा करेंगे। पुलिस विभाग का आरक्षक इस बीट का प्रभारी रहेगा। प्रत्येक तहसील में जितनी बीट होगी, उन बीटों का तहसील के एसडीएम, तहसीलदार बीट पर निराकृत हो रहे प्रकरणों का वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सुपरविजन करेंगे। बीट मुख्यालय को समाधान केन्द्र के रूप में जाना जायेगा। संभाग आयुक्त सक्सेना ने कहा कि इस व्यवस्था में कोटवारों सहित अन्य मैदानी अमला जो गांव की हर गतिविधियों की जानकारी से उच्च अधिकारियों को अवगत करायेगा। जैसे कोटवार माफियाओं की मिलावट खोरों की जानकारी दे सकते हैं। तीज त्यौहारों में शान्ति भंग करने वालों की भी जानकारी दे सकते हैं। बीट स्तरीय समाधान केंद्र पर सभी संबंधित अधिकारी समन्वय बना कर कार्य करें।

# खौड आरएमजीबी शाखा में डिजिटल वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

रानी पाली खौड स्थित आरएमजीबी शाखा मे गुरुवार को राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक नाबार्ड के सहयोग से शाखा खोड़ द्वारा डिजिटल वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजित हुआ। जिसमें वित्तीय साक्षरता समन्वयक लुंबाराम चौधरी ने पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, फसल बीमा योजना एवं जागरूकता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। शिविर में गुंदोज शाखा प्रबंधक हिम्मताराम मीणा ने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं एवं विशेषकर गोल्ड लोन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के बारे में बताया। वही शाखा प्रबंधक मोहन आत्रेय ने ग्राम वासियों का आभार प्रकट करते हुए महिलाओं को अपने बच्चों के बैंक में खाता खुलवाने के लिए प्रेरित करते हुए



कहा कि बैंक हमेशा आपके सहयोग हेतु सदैव तत्पर है।वसूली के बारे में भी समझाते हुए उन्होंने अवगत कराया कि ऋण की किस्त व खाता समय-समय पर जांच कर ऋण खाते नियमित रखें व समय पर किस्त अदा करें। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक मोहन आत्रेय,कैशियर कमल किशोर, महेंद्र चौधरी, मुकेश सीरवी, नवाराम, परीचारक रिखबदास ,पर्वतसिंह चांगवा, मांगीलाल चौधरी, खीमाराम गर्ग सहित महिलाएं मौजूद रही।

### श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान की बैठक आयोजित



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

रानी पाली। श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रानी की बैठक संस्थान अध्यक्ष पुखाराम वागोना कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमे संस्थान के सचिव, कोषाध्यक्ष, पदाधिकारियों सहित समाज के भामाशाह उपस्थित रहे। संस्थान की बैठक में प्रस्ताव को लेकर चर्चा की गई जो पूर्व में घोषणा की गई थी उनकी बकाया राशि, शिक्षा के क्षेत्र में विश्व ज्ञानदीप शिक्षा एवम शोध संस्थान वरकाना हेतु 5100 रूपए का आजीवन शुल्क तय किया गया। और बैठक में उपस्थित सम्मानित सदस्यों द्वारा 11-11 हजार रूपए की घोषणा की गई। श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रानी कि 2009 से आज तक प्रॉसेज की फाइल (फोल्डर) बनाकर भामाशाहों और पदाधिकारियों के सामने रखा।

# 19 राजनीतिक दलों का भारत बंद को समर्थन

**11 सूत्रीय मांगों को लेकर अभियान भी चलाएंगे**

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

भोपाल। राष्ट्रीय स्तर पर 19 राजनीतिक दलों के आव्हान पर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 20 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी अभियान को मध्यप्रदेश में भी पूरी ताकत के साथ चलाया जायेगा। इस संबंध में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, समानता दल, लोकतांत्रिक जनता दल, समाजवादी पार्टी , भाकपा माले, राष्ट्रीय जनता दल आदि ने संयुक्त बयान जारी कर न केवल प्रदेशव्यापी अभियान चलाने की बात कही है, बल्कि संयुक्त किसान मोर्चे के आव्हान पर 27 सितंबर को होने वाले भारत बंद को भी पूर्ण समर्थन दिया है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट



पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव अरविंद श्रीवास्तव, लोकतांत्रिक जनता दल के प्रदेशाध्यक्ष दिलीप सिंह, भाकपा माले की केंद्रीय कमेटी के सदस्य देवेंद्र सिंह चौहान, समानता दल के प्रदेशाध्यक्ष इंजी.महेश सिंह कुशवाह ने संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा है कि मध्यप्रदेश में भी यह अभियान व्यापक रूप से चलाया जायेगा। नेताओं ने संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा है कि किसानों के शांतिपूर्ण और ऐतिहासिक विरोध के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार का किसान विरोधी तीन कानूनों को वापस न लेना, खेती के साथ ही निजीकरण की मुहिम छेड़ कर सार्वजनिक क्षेत्र को कारपोरेट के हवाले कर देना, महंगाई से आम नागरिकों को बेहाल कर देना, डीजल पेट्रोल की कीमतों में लगातार की वृद्धि से उपभोक्ताओं को लूटना, प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की लूट और बिजली संकट सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अभियान को व्यापक रूप से चलाया जायेगा। इसके साथ ही 27 सितंबर को होने वाले बंद को पूर्ण समर्थन दिया है। समस्त दलों ने अपनी जिला इकाईयों से भी समन्वय बनाकर अभियान चलाने और 27 सितंबर के भारत बंद को सफल बनाने की अपील की है।

# टीकाकरण कराने पर पूजा चौहान एवम सुमन तिवारी को उपहार में मिला एंड्रॉयड मोबाइल फोन

**टीकाकरण कराने वाले व्यक्तियों में से चयनित 4 लोगों को मिला मोबाइल फोन**

**16 से 18 सितम्बर तक टीकाकरण करा, पाऐ आकर्षक उपहार पाने का मौका**

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**

**पुष्पांजली टुडे**

**लहार ।** भिण्ड जिला प्रशासन द्वारा कोरोना टीकाकरण के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए भिण्ड जिले में अनोखी पहल की गई जिसके अंतर्गत 15 से 18 सितंबर को कोविड वैक्सीन टीकाकरण कराने पर आकर्षक उपहार पाने का मौका दिया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 16 सितंबर 2021 को प्रत्येक स्वास्थ ब्लॉक पर टीकाकरण कराने आये व्यक्तियों में से कम्प्यूटर द्वारा रैंडम चुने गए लहार के दो व्यक्ति को एंड्रॉयड मोबाइल दिया जा रहा है। लहार



स्वास्थ ब्लॉक से रैंडम्ली चयनित पूजा चौहान को जिला स्वास्थ्य अधिकारी अजीत मिश्रा,एस.डी.एम लहार आर.ए प्रजापति,जनपद सी.ई.ओ लहार एवम रौन आलोक इटोरिया, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी शैलेन्द्र पाण्डेय जी द्वारा मोबाइल उपहार में दिया गया । इसके साथ लहार ब्लॉक आलमपुर निवासी सीमा तिवारी दूसरी रैंडम्ली चयनित है जिन्हें भी आज टीकाकरण कराने पर मोबाइल उपहार में दिया गया इसी प्रकार रौन स्वास्थ ब्लॉक से जगन्नाथ निबासी साधना जी एवं मोरखी निबासी शेर सिंह बघेल एंरोइड मोबाइल देकर सम्मानित किया गया जिसमें सभी चयनित ब्यक्तियों ने अपने अपने अनुभव बताये ओर आगे टीकाकरण अभियान में अधिक से अधिक संख्या में लोगो को प्रोत्साहित कर टीकाकरण करबाने का अस्वाशन दिया इन सभी ने 15 सितम्बर को जिले के विभिन्न स्वास्थ ब्लॉक अंतर्गत बनाये गए टीकाकरण केंद्रो पर कोविड वैक्सीन का पहला या दूसरा टीका लगवाया था। जिले में कोविड वैक्सीन टीकाकरण अंतर्गत प्रथम टीके से शेष व्यक्तियों को टीकाकरण करा जिले में शत-प्रतिशत व्यक्तियों को प्रथम डोज लगाने का लक्ष्य प्राप्त करने के साथ दूसरे डोज हेतु ड्यू व्यक्तियों को अपना दूसरा टीकाकरण कराने प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा उपहार योजना प्रारंभ की गई है।

## नैनो न्यूज

### देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढ़ कर कौन से गूंज उठा लोहिया बाजार



**ग्वालियर।** लोहा व्यवसायी संघ रजि एवम् लोहिया बाजार के समस्त निवासियों के लिए कल दिनांक 15 सितंबर को स्थानीय एसके फर्नीचर लोहिया बाजार मैन रोड़ पर भजन संध्या का आयोजन किया गया था इस भजन संध्या की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि इस भजन संध्या में शहर के जाने-माने केशुभाई एवम् जावेद भाई ने एक से सुंदर एक भजन की प्रस्तुति देकर समस्त लोहिया बाजार के निवासियों को अपने भजन के प्रति आकर्षित किया इस मौके पर केशुभाई एवम् जावेद भाई की सम्पूर्ण टीम उपस्थित थीं और ग्वालियर लोहा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष संजय कट्ठल सचिव निर्मल जैन उपाध्यक्ष संजय जैन, पराग विजपुरिया,अजय अग्रवाल सहित अन्य सामाजिक एवम् व्यापारी उपस्थित थे सर्व प्रथम आयोजन का शुभारंभ गणेश जी की वन्दना से प्रारंभ किया गया उसके बाद एक से सुंदर भजन की प्रस्तुति दी।

### गाँधी जयंती पर सामूहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे

**ग्वालियर।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ग्वालियर जिले में भी गाँधी जयंती 2 अक्टूबर के दिन समारोह पूर्वक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए चिन्हित स्थानों पर 75 - 75 पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिन रोपे गए पौधे अंकुर अभियान के तहत तैयार किए गए वायुदूत एप पर अपलोड किए जायेंगे। इस आशय के निर्देश सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही वृक्षारोपण का प्रतिवेदन भी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मांगा गया है।

### बारिश से पारा लुढ़का फिजा में घुली ठंडक

**ग्वालियर।** सितंबर का आधा महीना बीतने के बाद जहां मानसून की विदाई की बेला आ जाती है ।लेकिन इस बार मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है ।सितंबर का आधा महीने बीतने के बाद मानसून एक बार फिर सक्रिय हुआ है और गुरुवार को सुबह से लेकर शाम तक कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश तेज हवा के साथ होती रही ।पूरे दिन हुई बारिश के बाद जहां उमस पूरी तरह से गायब हो गई वहीं फिजा में ठंडक घुलने से लोगों को पंखे की हवा में हल्की ठंडक का एहसास होने लगा है। बारिश होने से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

### पर्स में रखे महिला के गहने चोरी

**ग्वालियर।** टेंपो मैं सवार होकर हुरावली जा रही एक महिला के पद से सोने की चेन और अंगूठी चोरी हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार शिवनगर निवासी सावित्री पत्नी रायबहादुर हुरावली जा रही थी 12 तारीख से है ऑटो में बैठी ऑटो में उसके साथ दो महिलाएं में बैठी थी। हुरावली पर उतरने के बाद महिला ने जब अपना परसों देखा तो उसमें रखी सोने की चेन और अंगूठी गायब थी ।इसके बाद महिला थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

**ग्वालियर।** देहात के घाटीगांव थाना क्षेत्र में खेत से घर जा रहे युवक की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार घाटी गांव थाना क्षेत्र के बंजारा खिड़क निवासी बलराम गुर्जर 28 साल खेत से अपने घर जा रहे थे ।तभी रास्ते में एक ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# प्रेमी जोड़े का दिल्ली से अपहरण कर हत्या की, लड़के का शव ग्वालियर और लड़की का राजस्थान में फेंका

**ग्वालियर।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद ऑनर किलिंग का मामला तीन स्टेट से जुड़ गया। प्रेमी जोड़े का दिल्ली से लड़की के परिवार वालों ने अपहरण किया था। ग्वालियर के आंतरी में दोनों की बेरहमी से हत्या की। युवक का प्राइवेट पार्ट भी काट दिया गया। लड़की के परिजन हत्या के बाद लड़के का शव ग्वालियर में आंतरी के पास झाड़ियों में जबकि यहां से 100 किलोमीटर दूर मुरैना और धौलपुर के बीच लड़की का शव झाड़ियों में फेंक कर चले गए। शव मिलने के 42 दिन बाद हत्या का खुलासा हुआ है।

ग्वालियर के आंतरी स्थित भरथरी की पुलिया के पास 5 अगस्त को युवक का शव सड़े-गले अवस्था में मिला था। पहली नजर में मामला संदिग्ध था। तत्काल पुलिस ने



फॉरेंसिक एक्सपर्ट को बुलाया था। फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने मृतक का गुप्तांग काटे जाने की पुष्टि की थी, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। इस मामले में पुलिस अभी पड़ताल ही कर रही थी कि बुधवार शाम को बड़ा खुलासा हुआ। यूपी के फिरोजाबाद स्थित सिरसागंज थाना पुलिस ग्वालियर आई। पुलिस ने बताया है कि मृतक का शव जहांगीरपुर निवासी उत्तम सिंह यादव (20) का है।

**यूपी से फिरोजाबाद से शुरू कहानी ग्वालियर में खत्म:** यूपी में जिला फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज में जहांगीरपुर निवासी सुगड़ सिंह ने अपने बेटे उत्तम यादव की गुमशुदगी 10 अगस्त को दर्ज कराई थी। 12 अगस्त को जान से मारने की नीयत से अपहरण करने के संबंध में गांव के ही कुछ लोगों के नाम दर्ज कराए। सिरसागंज पुलिस मामले की जांच में जुटी। जांच में यह पता चला कि उत्तम यादव का पड़ोसी नेहा पुत्री देवीराम यादव (16) से प्रेम प्रसंग था। दोनों 31 जुलाई को घर से दिल्ली भाग गए।



उत्तम के एक दोस्त से नेहा के परिवार वालों को इसकी जानकारी मिली। दोनों को नेहा के पिता देवीराम यादव, चाचा शेरनाम सिंह और दो अन्य लोगों ने 2 अगस्त को दिल्ली में पकड़ लिया और पिनाहट ले आए। यहां दोनों को समझाया, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद दोनों को कार में डालकर भिंड ले आए। यहां से ग्वालियर के आंतरी के भरथरी पुलिया के पास 2 से 3 अगस्त की रात दोनों की गला घोंटकर हत्या कर दी।

**यमुना नदी में शव तलाशती रही पुलिसः** इस मामले में जब पुलिस ने लड़की के चाचा, पिता और भाई को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया तो उन्होंने उत्तम यादव के साथ अपनी बेटी की हत्या की बात कुबूल ली। उन्होंने हत्या करके शव यमुना नदी में फेंकने की बात कही। इस पर तय हो गया कि हत्या कर दी गई है। शव को पुलिस यमुना नदी में तलाश करती रही, लेकिन कुछ नहीं मिला।

**ऐसे पता चलाः** फिरोजाबाद पुलिस ने आरोपियों का मोबाइल लोकशन खंगाला। जहां-जहां सभी गए थे, उस रूट पर पड़ने वाले थानों में अज्ञात लाशों की जानकारी जुटाई। धौलपुर और आंतरी में मिले दोनों शवों की हत्या एक तरीके से की गई थी।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट बेचा

**ग्वालियर।** शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र में से त्रिमूर्ति नगर में रहने वाले एक ट्रांसपोर्टर का प्लॉट फर्जी दस्तावेज कर एक युवक ने बेच डाला। 6 साल के बाद पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया है ।जानकारी के अनुसार गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के त्रिमूर्ति नगर नीलकंठ अपार्टमेंट में रहने वाले गजराज सिंह कुशवाहा ट्रांसपोर्टर हैं ।वर्ष 2014 में उनका आदित्यपुरम में एक प्लॉट था ।जिसे उन्होंने बेजने की चर्चा बृजेंद्र सिंह सिकरवार से की थी। बृजेंद्र सिंह ने प्लॉट खरीदने में इच्छा दिखाई और कागजात जांच कराने के नाम पर प्लॉट के फोटो कॉपी अपने साथ ले गया। 2016 में बृजेंद्र सिंह ने नकली दस्तावेज तैयार कर उस प्लॉट को नेत्रपाल को बेच दिया। नेत्रपाल ने उस प्लॉट का सौदा राणा भदौरिया से किया। जब इसकी सूचना अखबार में प्रकाशित हुई तो गजराज सिंह ने आपत्ति दर्ज कराई।

## मंत्री का आदमी बताकर महिला को पीटने और जान से मारने की धमकी देने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**ग्वालियर।** डबरा के चेतूपाड़ा गांव में एक महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 7 सितंबर को चार आरोपियों ने महिला के साथ पेड़ से बांधकर मारपीट और जान से मारने की धमकी दी थी। साथ ही आरोपी अपने आपको मंत्री का आदमी बता रहे थे। जिसका एक वीडियो भी वायरल हुआ था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धरदबोचा।

**यह है पूरा मामलाः** पीड़ित ममता आदिवासी ने बताया कि वह गांव के मुरारी प्रजापति के यहां ईंट के भट्‌टे पर मजदूरी का काम करती है। उसने कुछ दिन पहले हरिपुर के रहने वाले हरिकिशन बाथम को ईंट भट्‌टे के मालिक मुरारी से मिलवाया था। हरिकिशन ने खुद को लेबर कॉन्ट्रैक्ट बताया और मजदूर लाने का ठेका मुरारी से लिया। हरिकिशन ने मुरारी से एडवांस के 4.5 लाख रुपए जुलाई में लिए थे। लेकिन काम करने के लिए भट्टे पर एक भी लेबर नहीं भेजी। जिसके कारण भट्टे का मालिक मुरारी ममता पर पैसे वापस दिलाने का दबाव बना रहा था। ममता 7 सितंबर को रात में हरिकिशन से रुपए मांगने जा रही थी। तभी आरोपियों ने उसे रास्ते में घेर लिया। सभी आरोपी ममता को बंदूक के दम पर जंगल ले गए और पेड़ से बांधकर मारपीट की और कपड़े भी फाड़ दिए थे। चारों आरोपी ममता को मारते वक्त अपने-आप को मंत्री का आदमी बता रहे थे।

**महिला ने एसपी से की थी शिकायतः** 7 सितंबर को मजदूर ममता को पेड़ से बांधकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का वीडियो वायरल हुआ था। इस बात की शिकायत ममता ने थाने में की थी। पुलिस इस मामले का पता लगा ही रही थी, लेकिन मंगलवार को ममता खुद एसपी ऑफिस पहुंच गई और जनसुनवाई में अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत एसपी अमित सांघी से की।

## 1857 के शहीद संतों की स्मृति में गीता कथा अमृत, श्राद्ध तर्पण , चर्मरोग चिकित्सा शिविर 20 से

**ग्वालियर।** ग्वालियर की बडी गंगादास की शाला में 1857 की क्रांति में शहीद हुये पूज्य संतों की पावन स्मृति में 20 सितंबर से छह अक्टूबर तक गीता कथा अमृत, श्राद्ध तर्पण एवं चर्मरोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये बडी गंगादास की शाला लक्ष्मीबाई कालोनी के महंत श्री धाम अयोध्या संरक्षक पूरण बैराठी पीठाधीश्वर स्वामी रामसेवक दास , कथा व्यास भागवताचार्य संत गोपाल शरण महाराज एवं रामबाबू कटारे ने बताया कि 20 सितंबर सोमवार पूर्णिमा से छह अक्टूबर बुधवार अमावश्या तक दोपहर एक बजे से चार बजे तक प्रतिदिन गीता पाठ व श्राद्ध तर्पण किया जायेगा। इसी के साथ प्रातः 8 से 10 बजे तक ब्राह्मण भोजन , 11.30



से 12.30 बजे तक चर्मरोग चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। इस चिकित्सा शिविर में तीन दिनों के लिये दवा भी निशुल्क प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि कथा व्यास भागवताचार्य संत गोपाल शरण महाराज द्वारा श्रीमद भागवत कथा श्रवण कराई जायेगी। उन्होने बताया कि इसमें मुख्य यजमान मप्र शासन के मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर होंगे। उन्होंने बताया कि गीता कथाअमृत, श्राद्ध तर्पण तथा चर्म रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन 1857 में शहीद हुये 745 संतों की पावन स्मृति में किया जा रहा है।

ज्ञातव्य हो कि 1857 की क्रांति में ग्वालियर की धरा पर वीरांगना लक्ष्मीबाई की रक्षा में बडी गंगादास की शाला के 745 संतों ने 17 जून 1858 को देश सेवा में अपना बलिदान दिया था। उन्हीं संतों को श्रद्धाजंलि देने श्राद्ध महापर्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गंगादास की शाला लक्ष्मीबाई कालोनी के महंत श्री धाम अयोध्या संरक्षक पूरण बैराठी पीठाधीश्वर स्वामी रामसेवक दास ने सभी भक्तों से इन सभी कार्यक्रमों मं शामिल होने का अनुरोध किया है।

## जेसीआई ग्वालियर ने किया जेसीरेट डे का आयोजन

**ग्वालियर।** जेसीसप्ताह 2021 के अंतर्गत जेसीआई ग्वालियर की जेसीरेटविंग द्वारा 15 सितम्बर 2021 को चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन में जेसीरेट डे का भव्य आयोजन ग्रामीण थीम पर किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल को एक गाँव के रूप में बडे ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था जनसंपर्क अधिकारी जेसी अजय अग्रवाल ने बताया कि जेसीरेटविंग की सदस्यों द्वारा ग्रामीण महिलाओं की तरह की वेशभूषा धारण की जो अलग ही समा बांध रही थी । इस अवसर पर हाउजी एवं अन्य कपल गेम्स का भी आयोजन किया गया । इस अवसर पर जेसीरेटविंग चेयरपर्सन जेसीरेट राधिका विजयवर्गीय द्वारा संस्था की पूर्व चेयरपर्सनस का सम्मान किया गया ।



**इन चेयरपर्सनस का सम्मान किया गयाः** जेसीरेट अर्चना अग्रवाल, दीप्ति गुप्ता, रूपाली मांगलिक, ममता शिवशंकर अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, पुष्पा कोठारी, मनीषा गगरानी, दीपा जैन, नीलम जैन, पारुल मेहरा, निशा अग्रवाल, रूचि अग्रवाल, सुजाता अग्रवाल, रानू गुप्ता का सम्मान चेयरपर्सन जेसीरेट राधिका विजयवर्गीय द्वारा किया गया । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश मंत्री, भा. ज. पा. महिला मोर्चा, श्रीमती खुशबू गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में मंडल उपाध्यक्ष जेसी अजीत गुप्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर कत्थक में जयपुर, लखनऊ और रायगढ़ घराने से शिक्षित, ताज महोत्सव, उज्जैन महोत्सव, खेरागढ़ महोत्सव, शरद महोत्सव में प्रस्तुति दे चुकी बहुमुखी प्रतिभा की धनी सुश्री सौम्या मिश्रा को भी सम्मानित किया गया ।

## गुर्जर समुदाय ने मूर्ति लगाकर अपने समाज के होने का दावा किया

**ग्वालियर।** ग्वालियर में सम्राट मिहिर भोज की मूर्ति स्थापना होने के साथ ही एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सम्राट को अपने-अपने वंश और जाति का बताने के लिए दो समुदाय आमने-सामने आकर खड़े हो गए हैं। गुर्जर समुदाय का दावा है कि सम्राट मिहिर भोज गुर्जर जाति के थे। इसलिए उनके द्वारा स्थापित राजवंश को गुर्जर-प्रतिहार वंश कहा जाता है। इस पर क्षत्रिय महासभा का दावा है कि एक समुदाय सम्राट पर जबरन कब्जा करना चाहता है। यह ऐतिहासिक चोरी है। इतिहास के साथ खिलवाड़ है। क्षत्रिय महासभा ने इस संबंध में एक ज्ञापन भी कलेक्टर ग्वालियर को सौंपा है। इसमें सभी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं, जिसमें सम्राट मिहिर भोज को प्रतिहार (परिहार) वंश का बताया गया है। इसके जवाब में अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा ने भी बुधवार को एक पत्रकार वार्ता कर इतिहासकार आचार्य वीरेन्द्र विक्रम के माध्यम से सम्राट को गुर्जर बताया है। फिलहाल तो यह विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है।

**क्या है असली विवादः** पिछले सप्ताह नगर निगम ग्वालियर ने शीतला माता मंदिर रोड चिरवाई नाका पर सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण किया था। अपने अनावरण के साथ ही सम्राट मिहिर भोज पर



विवाद शुरू हो गया है। नगर निगम ने प्रतिमा स्थापना के ठहराव प्रस्ताव लाते समय साफ उल्लेख किया था कि सम्राट मिहिर भोज महान नाम से प्रतिमा लगाई जाएगी, लेकिन जब प्रतिमा का अनावरण किया गया तो सम्राट मिहिर भोज के आगे गुर्जर सम्राट मिहिर भोज महान लिखा गया था। उनको गुर्जर सम्राट लिखने के साथ ही विवाद शुरू हो गया है। क्षत्रिय महासभा का तर्क है कि सम्राट मिहिर भोज राजपूत क्षत्रिय हैं। इसके संबंध में उन्होंने इतिहास कारों के लेख, शिलालेख और परिहार वंश के सबूत भी भी रखे हैं तो इसके जवाब में अखिर भारतीय वीर गुर्जर महासभा ने भी तर्क रखा है। उन्होंने भी सबूत रखे हैं।

**गुर्जर समाज का दावाः** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा की ओर से पूर्व पार्षद अल्बेल सिंह घुरैया ने इतिहासकार व आचार्य वीरेन्द्र विक्रम के माध्यम से दावा किया है कि सम्राट मिहिरभोज महान ने 53 साल अखंड भारत पर शासन किया। वह गुर्जर प्रतिहार वंश के प्रतापी शासक थे। उनको समकालीन शासक गुर्जर सम्राट नाम से ही जानते थे। उनके समकालीन शासकों राष्ट्रकूट और पालो ने अपने अभिलेखों में उनको गुर्जर कहकर ही संबोधित किया है । 851 ईसवी मे भारत भ्रमण पर आए अरब यात्री सुलेमान ने उनको गुर्जर राजा और उनके देश को गुर्जरदेश कहा है।

# देश के विकास में श्रमिक जगत का भी कम योगदान नहीं: सांसद शेजवलकर

### दंतोपंत ठेंगडी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड का स्थापना दिवस मना

**ग्वालियर।** देश के विकास में श्रमिक जगत का भी कम योगदान नहीं है, जब तक श्रमिक और प्रबंधन एक दूसरे को समझकर , आपसी तालमेल से काम करेंगे , तो हमारा देश प्रगति में दुनियां का नंबर एक श्रेणी का राष्ट्र होगा। केन्द्र सरकार भी इसी तर्ज पर काम कर रही है, हम हर श्रमिक को हुनरमंद बनाना चाहते हैं। इस दिवस में भारत सरकार का दंत्तोपंत ठेंगडी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड बेहतर कार्य कर रहा है। उक्त उदगार ग्वालियर के लोकसभा सदस्य विवेक नारायण शेजवलकर ने व्यक्त किये।

वह आज दोपहर में विवेकानंद सभागृह संघ कार्यालय में श्रमिक शिक्षा स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह का आयोजन दत्तोपंत ठेंगडी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार की ओर से किया गया था। सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि श्रमिक इस देश की रीढ़ है, उसकी गुणवत्ता में सुधार हो, वह समर्पित भाव से काम करे, उसके हुनर का विकास हो, उसका मानसिक




विकास हो, उसका जीवन स्तर का भी सुधार हो तभी देश आगे बढ़ेगा।

इससे पूर्व कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्जवलन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा कर किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम गाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। क्षेत्रीय निदेशक डा.इन्दु शर्मा द्वारा



दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड की गतिविधियों एवं हिन्दी दिवस की जानकारी प्रदान की। सेवा निवृत प्रोफेसर , एम.एल.बी. कॉलेज राजेन्द्र बांदिल, द्वारा श्री दत्तोपंत ठेंगडी जी के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया की दत्तोपंत ठेंगडी जी ने मजदूरों के हितों के लिए काफी आन्दोलन चलाये। क्षेत्रीय सलाहकार सदस्य सुधीर चतुर्वेदी ग्वालियर ने श्रम संहिता एवं डिजीटल साक्षरता की जानकारी प्रदान की। विशिष्ट अतिथियों में मप्र के उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ने मजदूरों के हित में हो रहे कार्यो के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे यूनिट हेड जेके टायर बानमौर संजय बिन्दल ने बताया कि दत्तोंपत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड द्वारा संगठित, असंगठित एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरूक कर रही है।

*स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/* **एम.पी.एच.आई.एन. /31130**
*नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान* **E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478**